
Year - 5 Issue - 18 वसुधैव कुटुम्बकम् October 2020 ISSN 2456-0898



# GLOBAL THOUGHT

# ( ग्लोबल थॉट )

**(MULTI DISCIPLINE MULTI LANGUAGE RESEARCH JOURNAL)**

**An international peer reviewed refereed quarterly research journal**

Scanned with OKEN Scanner

कोरोना काल में पलायन और स्त्री संघर्ष ......... 137
*डॉ. सरोज कुमारी*

पन्त के प्रगतिशील काव्य में वर्णित प्रेम का स्वरूप ............ 142
*डॉ. हरेन्द्र सिंह*

चन्देलों की प्रशासनिक व्यवस्था ...................... 146
*वाजिद हुसैन*

हिन्दी साहित्य की नई धारा : प्रवासी साहित्य .. 154
*डॉ॰ प्रतिभा कुमारी जैमिनी*

विनय-पत्रिका और गीतावली में संस्कृति का स्वरूप ........................................ 157
*डॉ. कुमारी अनिता*

वृद्ध विमर्श के संदर्भ में 'चार दरवेश' उपन्यास ....................................... 162
*प्रदीप कुमार*

Human Rights : Problems of their Protection in Jammu and Kashmir -----------167
*Dr. Suman*

आंबेडकर : समावेशी राष्ट्रवाद के प्रतीक........ 172
*डॉ. युवराज कुमार*

सांस्कृतिक विरासत बलिराजगढ़ : एक पुरातात्त्विक अध्ययन .............................. 176
*डॉ. दिग्विजय दिवाकर*

रीतिकालीन शृंगार काव्य के समाजशास्त्रीय अध्ययन की प्रासंगिकता.................................. 179
*रीना*

प्रेमचंद पूर्व हिंदी कहानी के विकास और स्वरूप ........................................ 183
*रत्नेश कुमार सिंह*

शान्तिपर्वणि राज्ञः स्वरूपम् ............................ 188
*डॉ. सरस्वती*

इस्लाम में औलिया का महत्त्व : दारा शुकूह का दृष्टिकोण ........................................ 192
*डॉ. मृदुला झा*

वैदिक दार्शनिक प्रवृत्तियों का विश्लेषण......... 195
*कुमारी शिल्पी पाण्डेय*

मोहन दास : मौजूदा व्यवस्था की त्रासदी ....... 199
*कन्हैया लाल यादव*

अलवर जिले में खनिजों का मूल्यांकन एवं सतत् विकास : एक शोधपरक अध्ययन ......... 205
*बाबूलाल मीणा*

बहरोड़ तहसील में भूमि उपयोग प्रारूप एवं पर्यावरण प्रदूषण एक शोधपरक अध्ययन........ 211
*महेश कुमार रावत*

Privacy & Media Law -------------------------218
*Dr. Meena Charanda*

'साक्षी है पीपल' में निहित आदिवासी अस्मिता .......................................... 223
*शाहीन बानो*

# शान्तिपर्वणि राज्ञः स्वरूपम्



डॉ. सरस्वती

संसारेऽस्मिन् सर्वत्र एका व्यवस्था दृग्गोचरी भवति। सूर्यः समयेन उदितो भूत्वा जीवान् सर्वान् ऊर्जा प्रकाशं च प्रयच्छति। वायुः निरन्तरं प्राणशक्तिं प्रदाय जीवनधारणे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति। सर्वे ग्रहाः उपग्रहाः ब्रह्माणेऽस्मिन् गुत्वाकर्षण शक्त्या आकाशे लम्बमानाः स्वस्थाने अथवा अन्यं परितः गतिशीलाः सुचारुरूपेण चालयन्ति व्यवस्थामिमां सर्वा या त्रुटिहीना सर्वांगपूर्णा व्यवस्था सर्वत्र दृश्यते, तस्याः व्यवस्थायाः व्यवस्थापकः अपि अवश्यं भवेत्। कारणं विना कार्यं न सम्पद्यते। मनुष्येतरा याः भोगयोनयः भोगेषु परतन्त्राः तास्तु अस्यां व्यवस्थाया स्वभाविकरूपेण परिचलन्ति, परं मनुष्य शरीरधारिणः ये जीवाः कर्मयोनयः भोगेयोनयश्च उभयस्वरूपाः कार्येषु परतन्त्राः, ते स्वस्य स्वतन्त्रतायाः दुरुपयोगं कुर्वाणाः, आत्मचेतनायाः उन्नयनरूपलक्ष्यात् परिभ्रष्टाः अवनतिमार्गे चलितुं तत्पराः स्वजीवनस्य लक्ष्यमात्मनश्च लक्ष्यं विस्मरन् अधोगतिं प्राप्नुवन्ति। परिवारे, समाजे, राष्ट्रे च व्यवस्था स्थापनाय केचन नियमाः संविधानरूपेण निर्मिताः भवन्ति येन परिवारस्य, समाजस्य, राष्ट्रस्य च सम्यक् संचालनं भवेत्। राष्ट्रस्य परिचालनाय राष्ट्राध्यस्यैकस्य आवश्यकता भवति। असौ राष्ट्रपरिचालकः राजा कीदृश भवेत् इति जिज्ञासायां महाभारतस्य शान्तिपर्वणि विशंतितमे अध्याये युधिष्ठिरः भीष्मपितामहं पृच्छति यत् वृत्तज्ञः पितामहः भवान् उपदिशतु मां यत् केन आचरणेन युक्तः नृपः इहलोके परलोके च सुखमाप्नुयात्?

**‘‘केन वृत्तेन वृत्तज्ञ वर्तमानो महीपत्तिः।**
**सुखेनार्थान् सुखोदर्कानिहि च प्रेत्य चाप्नुयात्।।’’**[1]

भीष्मपितामहः उत्तरयन् कथयति यत् षट्त्रिंशद् गुणान् धारयन् नृपः उत्कर्षं लभते, अतः उत्कर्षं प्राप्तुकामः नृपः षट्त्रिंशद् गुणान् स्वजीवनेधायितुं प्रयत्नशीलः भवेत्।

**‘‘अयं गुणानां षट्त्रिंशत्षट्त्रिंशद्गुणसंयुतः।**
**यान् गुणांस्तु गुणोपेतः कुर्वन् गुणमवाप्नुयात्।।’’**[2]

महाभारतकारः राज्ञः गुणान् वर्णयन् कथयति यत् नृपः स्वकर्त्तव्यान् पालनयन् कटुतारहितः स्यात्, आस्तिकता-गुणसंवलितः स्नेहशून्यं न भवेत्। क्रूरतारहितो भूत्वा करसंग्रहं कुर्यात्, मर्यादां पालयन्नेव भोगान् भुंजीयात्।

**‘‘चरेद्धर्मानकटुको मुञ्चेत्स्नेहं न चास्तिकः।**
**अनृशंसश्चरेदर्थं चरेत् काममनुद्धतः।।’’**[3]

न केवलं नृपः अपितु सर्वे जनाः स्वकर्त्तव्यान् पालयेयुः। उचितं प्रतीयते वाक्यमिदम्। बहवः जनाः स्वकर्त्तव्यान् पालयन्त्यपि, परं कर्त्तव्यपालनं कथं शोभनं न जानन्ति जनाः। येन केन प्रकारेण स्वकर्त्तव्यपालनं कुर्वन्तः जनाः स्वाहंकारं वर्धयन् तस्य कर्त्तव्यपालनस्यलाभेन वञ्चिताः एवतिष्ठन्ति। भीष्मपितामहः युधिष्ठिरमनुशासयन् कथयति यत् कर्त्तव्यपालने कटुता न स्यात्। यदि कटुतया कर्त्तव्यपालनं भवति, तदा कटुतायाः संबन्धानि निर्मितानि भविष्यन्ति। परिणामे पापसंचयः यदा प्रारब्धरूपं प्राप्य जीवने आगमिष्यति तदा दुखदायकः एव भविष्यति। कर्त्तव्यपालनं तु अनिवार्यरूपेण कर्त्तव्यमेवस्ति तर्हि तस्य संयोगः कटुतां विहाय प्रेम्णा सह करणेन पुण्यकारकः सुखदायकः च भविष्यति। यदि नृपः कर्त्तव्यपालनं प्रेम्णा करोति तदा सर्वे सहायकाः प्रजा च तं प्रति कृतज्ञाः अनुरक्ताः च भविष्यनित तथा राज्ये आनन्दस्य परस्परविश्वासस्य च वातावरणं निर्मितं भविष्यति। अग्रे भीष्मपितामहः उपदिशति यत् राजा आस्तिकः स्यात्, परमास्तिकतायाः अहंकारेण स्नेहशून्यः न स्यात्। ब्रह्माण्डस्य रचयिता पालकः च यः परमेश्वरः तं प्रति


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

Scanned with OKEN Scanner

कृतज्ञतायाः भावः तु स्यादेव अन्यथा कृतघ्नतायाः अपराधेन सह कर्त्ताभावः अहंकारभावः विनाशाय पतनाय च अलंभविष्यति। यथा परमपिता परमेश्वरः निर्विकारों भूत्वा सर्वान् प्राणिनः प्रति करुणायुक्तः प्रेमपूर्णः च भवति तथैव एवंभूतं परमेश्वरं प्रति आस्तिकतायाः भावेन नृपोऽपि प्रजां प्रति करुणायुक्तः प्रेमपूर्णः च भविष्यति। राजकार्यसंचालनाय, प्रजापालनाय राज्यव्यवस्थापरिचालनाय राष्ट्ररक्षायै च कोषसंग्रहमपरिहार्यमेव तदधनं च करसंग्रहेणैव सञ्चितं भवितुं शक्यते। करसंग्रहे नृपः प्रजां प्रति क्रूरः न स्यात्। एतावदेव धनं कररूपेण ग्रहीतव्यं यस्य प्रदानेन प्रजाः कष्टं न अनुभवेयुः। नृपस्य कृते भोगानां भोगः न दोषावहः परं भोगाः कथं भोक्तव्याः इत्यस्मिन् विषये महर्षिवेदव्यासः भीष्मपितामहमुखेन कथयति यत् राज्ञः कृते भोगानां भोगः मर्यादायामेव स्यात् अन्यथा मर्यादामतिक्रम्य भोगानां भोगः शारीरिकसामर्थ्यं विनाश्य पतनस्य कारणं भूत्वा परतन्त्रतायाः मार्गं प्रशस्तं करिष्यति। नृपः प्रियभाषी स्यात्, यदि राजा प्रियभाषी न भवेत् तर्हि प्रजाजनाः भयभीताः स्युः तथा च तेषां समस्याः नृपस्य समक्षे नागमिष्यति एवञ्च प्रजानां मध्ये नृपं प्रति असन्तोषः अविश्वासः च जायेत। अतः राजा मृदुभाषी प्रजानां कृते पितृतुल्यः सहजगम्यः स्यात्। प्रियवक्ता तु स्यात् परं प्रियभाषणे दीनता न स्यात्। यदि प्रियभाषणं दीनतायुक्तं भवेत् राष्ट्रे तस्य अवमानना भविष्यति। शौर्यं बिना राज्यं सुरक्षितं न भवति, अतः नृपः शूरवीरः तु स्यादेव परं आत्मप्रशंसापरायणः न स्यात्। शत्रवः शौर्यहीनस्य राज्ञः राज्यं स्ववशे कृत्वा तस्य अपमानं कर्तुं शक्नुवन्ति। अतः राजा शौर्यसम्पन्नः शत्रूणां कृते भयोत्पादकः स्यात् परमात्मप्रशंसापरायण न स्यात्। यदि राजा आत्मश्लाघा प्रियः स्यात् तर्हि चाटुकाराः अलीकैः प्रशंसापरैः वचनैः नृपं कर्त्तव्यविमुखं करिष्यन्ति। आत्मश्लाघायां निमग्नः नृपः कथं न्यायकर्त्ता भवितुं शक्नोति। नृपस्य दानशीलतायां विषये महाभारतकारः कथयति नृपः दानशीलः तु अवश्यं स्यात् परमेतावद् अवश्यं ध्यातव्यं यत् दानं पात्रे एव दातव्यमन्यथा लाभस्य स्थाने हानिः भविष्यति दानप्राप्तकर्त्ता यदि मद्यपः अथवा अन्येन केनापि दुर्गुणेन संवलित स्यात् तथा दानरूपेण प्राप्तेन धनेन किमपि धर्मविरुद्धं समाजविरुद्धं वा आचरति, अस्याभवस्थायां दाता अपि पापभाग् भविष्यति। अतः राजा दानगुणेन संयुक्तः पात्रापात्रविचारकः अवश्यः स्यात्। नृपः प्रगल्भः अर्थात् साहसयुक्तः तु अवश्यं भवेत् परं साहसेन सह निष्ठुरः न स्यात् अपितु साहसेन सह संवेदनशीलः भवेत् येन न्यायव्यवस्था सुदृढा स्यात्। पापीनां कृते दण्डप्रदाने रौद्ररूपः निष्ठुरः स्यात्, सज्जनानां च कृते संवेदनशीलः दयावान् करुणायुक्तः एव भवेत्। एवंभूतेन व्यवहारेण दुष्टाः भयभीताः भूत्वा पापेभ्यः विरताः भविष्यन्ति तथा च सज्जनाः उत्साहसम्पन्नाः श्रेष्ठकार्येषु संलग्नाः भविष्यन्ति। एवंभूतान् नृपगुणान् वर्णयन् कथयति महर्षिवेदव्यासः युधिष्ठिरं प्रति भीष्मपितामहमुखेन–

**''प्रियं ब्रूयादकृपणः शूरः स्यादविकत्थनः।**
**दाता नापात्रवर्षी स्यात् प्रगल्भः स्यादनिष्ठुरः॥''**[4]

यस्मिन् राज्ये अपूज्यानां दुष्टानां पूजा भवति तथा च पूज्यानां सज्जनानां उत्साहवर्धनं न जायते, तत्र शासनतन्त्रस्य एवंभूतेन विपरीतेन उदासीनेन व्यवहारेण निरुत्साहिताः सज्जनाः अपि श्रेष्ठकार्येषु विरताः जायन्ते एवं गुणाः प्रलीनाः नष्टप्रायाः भूत्वा सर्वत्र अधर्मस्य वातावरणं निर्माणाय कल्पन्ते। अधर्मस्य च परिणतिः राष्ट्रविनाशरूपेण प्रकटीभवति। अनार्यैः पुरुषै सह राज्ञः घनिष्ठता न स्यात्। अनार्याणां मित्रता दुखस्य कारणमेव भविष्यति। नृपेण सह मित्रतायाः अभिमानेन अहंकारयुक्ताः दुष्टाः जनाः यदा समाजे विपरीतमाचरन्ति तदा समाजे नृपस्य निन्दा तु भवत्येव जनाः तस्योपरि विश्वासमपि न कुर्वन्ति, एवं समाजे भयस्य अराजकतायश्च वातावरणं निर्मितं भवति। नृपः बन्धुबान्धवैः सह कलहं न कुर्यात्। कलहेन अप्रसन्नाः बन्धुबान्धवाः अतिहानिकारकाः भविष्यन्ति यतः ते गृहस्य भेदान् जानन्ति। एवंभूते कलहयुक्ते वातावरणे यदि ते शत्रुपक्षे मिलन्ति तदा राजा असहायो भूत्वा रामायणे विभीषणवत् किमपि कर्तुमक्षमः भविष्यति। कस्यापि राष्ट्रस्य सफलतायां चाराणां भूमिका अतितरां महत्त्वं भजते। चाराः नृपस्य चक्षुरूपेण कार्यंकुर्वन्ति, गुप्तचराणां सूचनामाश्रित्यैव कस्यापि राष्ट्रस्य सम्यक् नीतिनिर्माणं भवितुमर्हति। गुप्तचरव्यवस्थायाः महत्त्वं, गुप्तचराणां च विश्वसनीयतायाः महत्त्वं प्रतिपादयन् भारविरपि आह–

**''क्रियासु युक्तैर्नृपचारचक्षुषो न**
**वञ्चनीयाः प्रभवोऽनुजीविभिः।**
**अतोऽर्हसि क्षन्तुमसाधु साधु वा हितं**
**मनोहारि च दुर्लभं वचः॥''**[5]

राज्ञः चाराः अतिविश्वसिताः स्युः तदैव राज्ञः योजना सफलीभवितुं शक्नुवन्ति। विषयेऽस्मिन् इतिहासः साक्षीभूतः। चाणक्यः विश्वस्तानां चाराणां कारणादेव नन्दराज्यं समूलमुन्मूलयत्। यत्किञ्चदपि राज्यकार्यं सेवकाः मन्त्रिणः वा कुर्वन्ति, तस्मिन् विषये एवंभूतं वातावरणं, कार्यभारस्य च आवंटनं भवेत्, येन ते कष्टं न अनुभवेयुः अपितु



Scanned with OKEN Scanner

सुखमनुभवेयुः। एवमुक्तं शान्तिपर्वणि अस्मिन् विषये–

**''सन्दधीत न चानार्यैर्विमृहींयान्न बन्धुभिः।**
**नाभक्तं कारयेच्चारं कुर्यात् कार्यमपीडया।।''[6]**

यदोक्तविधिना राज्यकार्यं भवति तदैव परिणामः सुखदायकः उन्नतिकारकः शान्तिप्रदायकः च भविष्यति।

राज्ये दण्डव्यवस्था पक्षपातरहिता त्रुटिहीना च भवेत्। दण्डविधानं सुपरीक्षितं स्यात्, कोऽपि निर्दोषः दण्डभागी न भवेत् तथा कोऽपि अपराधकर्त्ता दण्डमुक्तः न स्यात्। दण्डविषये प्रजाः पूर्णरूपेण विश्वस्ताः स्युः यत् कोऽपि अपराधी अपराधं कृत्वा दण्डविधानात् मुक्तः न भविष्यति। राज्य व्यवस्थायै दण्डः परमोपयोगी परमावश्यकश्च। दण्डस्य विषये मनुमहाराजः कथयति यत् दण्डः एव प्रजां शासति, दण्डः एव रक्षति, सप्तेष्वपि जनेषु दण्डः जागर्ति।

**''दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति।**
**दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः।।''[7]**

दण्डस्य काले नृपः क्रोधादिविकार रहितो भूत्वा शान्तः भवेत्। दण्डः राजधर्मस्य आवश्यकः अंगः इति विचार्यैव दण्डविधानं कुर्यात्। धर्मशास्त्रानुसारेण क्रोधलोभविवर्जितः'।

कः दण्डनीयः? कश्च अदण्डनीयः? इति सम्यक् विचार्यैव दण्डविधानं कर्तव्यम्।

**''अदण्डयान् दण्डयन् राजा दण्डयांश्चैवाप्यदण्डयन्।**
**अयशो महदाप्नोति नरकं चैव गच्छति।।''[8]**

राज्यव्यवस्था सम्यक्रूपेण परिचालनाय मन्त्रणायाः महत्त्वं प्रतिपादयन् कथयति महर्षि वेदव्यासः महाभारतस्य शान्तिपर्वणि– मन्त्रणा कदापि कार्यान्वयनात् पूर्वं प्रकाशिता न भवेत् अन्यथा विरोधिनः पूर्वमेव तस्य अपायं कृत्वा सफलतां विफलतायां परिणामयिष्यन्ति। अन्यत्रापि उक्तं –

**''मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।**
**मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यंचापि नियोजयेत।।''[9]**

केभ्यः धनं दातव्यम्? इति जिज्ञासायाम् उत्तरति भीष्मपितामहः राजनानं युधिष्ठिरम् – ये सन्ति लुब्धाः जनाः तेभ्यः धनं न प्रयच्छेत् यतः लोभवशात् दत्तस्य धनस्य उपयोगः सदुपयोगः वा न भवितुं शक्नोति। लुब्धः स्वयमपि न भुङ्क्ते अन्यानपि न भोजयति एवं तस्य पार्श्वे धनं बन्धकरूपेण कस्यापि प्रयोगाय न भवति। धनं तत्रैव दातव्यं यत्र तस्य सदुपयोगस्य संभावना भवति। कस्योपरि विश्वासः कर्त्तव्यः कस्योपरि च न कर्त्तव्य? विषयमिदं विचारयन् उक्तवान् पितामहः – अपकारिषु कदापि विश्वासः न कुर्यात् यतः तस्य मनसि ईर्ष्यायाः घृणायाः च ये भावाः सन्ति तेषां वशीभूतः असौ राज्यस्य कृते हानिकारकः विश्वासघातकः च भवितुं शक्नोति।

**''नापरीक्ष्य नयेद्दण्डं न च मन्त्रं प्रकाशयेत्।**
**विसृजेन्न च लुब्धेभ्यो विश्वसेन्नापकारिषु।।''[10]**

जीवनयात्रापरिचालनाय प्राणधारणाय च भोजनं सर्वेषामेव जीवानां कृते अपरिहार्यरूपेण आवश्यकम्। विषयेऽस्मिन् नास्ति कोऽपि संदेहः। सर्वेषां जीवानां कृते तेषां शरीरस्य प्रकृत्यानुसारं पृथक् पृथक् भोज्यपदार्थानां आवश्यकता भवति। सर्वे एव जानन्ति भोजनेन सह स्वास्थ्यस्य संबंधः। राज्यसंचालनाय नृपस्य स्वास्थ्यमतिमहत्त्वपूर्णम्। अतः विचारणीयमिदं विषयं यत् राज्ञः भोजनं कीदृशं स्यात्? विषयेऽस्मिन् कथयति महाभारतकारः – भोजनं शुद्धं स्वादिष्टं च स्यात् परम् अहितकरं न स्यात्।

**''अनीर्षुगुप्तदारः स्याच्चोक्षः स्यादघृणी नृपः।**
**स्त्रियः सेवेत नात्यर्थं मृष्टं भुञ्जीत नाहितम्।।''[11]**

राज्ञः स्वास्थ्यं राज्यस्य कृते अत्यावश्यकम्। भोजनेन सह स्वास्थ्यस्य साक्षात् संबन्धः। अतः भोजनविषये विचारमत्यावश्यकम्। भोजनस्य संबन्ध मनसा सह अपि वर्तते उक्तमिदं लौकिकभाषायाम् ''जैसा खाए अन्न वैसा हो जाए मन'' अतः राज्ञ भोजनं शुद्धं स्यात्। कीदृशंभोजनं शुद्धं भवति इति जिज्ञासायां विचारितं मनीषीभिः अनेकशः। विकाररहितं भूत्वा परिश्रमेण अर्जितमन्नं शुद्धं भवति। शुद्धेन अन्नेन निर्मितं, ऋतोः अनुकूलं, शरीरस्य आवश्यकतानुरूपं भोजनमेव राज्ञः कृते स्वास्थ्यवर्धकं, पुष्टिप्रदायकं सुविचारोत्पादकं च भवितुमर्हति। नृपः स्वराज्ये सम्माननीयानां पुरुषाणां सम्मानं विनीतभावेन कुर्यात्। अन्यत्रापि उक्तं हितोपदेशे–

**''अपूज्या यत्र पूज्यन्ते पूज्यानां तु विमानना।**
**त्रीणि तत्र प्रवर्तन्ते दुर्भिक्षं मरणं भयम्।।''[12]**

पूज्यानां सम्मानेन राज्ये गुणानां संवर्धनं भवति। गुरुजनानां सेवा निष्कपट भावेन कर्त्तव्या। सेवायां कपटस्यलोभस्य वा भावः न स्यात् अन्यथा सा सेवैव गणयितुं न शक्यते। ततु प्रदर्शनमात्रं, दम्भं, अहंकारवर्धकं च विनाशाय एव। दम्भहीनो भूत्वा विदुषां सत्कारः कर्त्तव्यः।

**''अस्तब्धः पूजयेन्मान्यान् गुरून् सेवेदमायया।**
**अर्चयेद् देवानदम्भेन श्रियमिच्छेदकुत्सितम्।।''[13]**

धनार्जनं केन वृत्त्या स्यात्? विषयेऽस्मिन् स्पष्टरीत्या कथयति महाभारतकारः न्यायवृत्त्या एव धनार्जनं स्यात्। अन्यायेनार्जितं धनं महद् दुखस्य कारणं भवति। धनेन कोऽभिप्रायः? सुखप्राप्त्यर्थमेव धनार्जनं क्रियते। यदि धनेन


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898
Scanned with OKEN Scanner

जनाः सुखिनः भवितुं शक्नुवन्ति तर्हि सर्वे धनिकाः सुखिनः स्युः परं एवं तु न दृश्यते। आवश्यकता पूर्त्यतयर्थं धनमावश्यकं परन्तु तद्धनं न्यायमार्गेणैव प्राप्तव्यं स्यात् तदैव सुखशान्ति–प्रदायकं भविष्यति, दीर्घकालं यावत् च स्थास्यति। अन्यथा विकारोत्पादकः, विचाराणां च दूषकः विनाशाय यन्त्र रूपेण च कार्यं करिष्यति। नृपः कार्येषु कुशलः अवसरस्य च ज्ञाता स्यात्। यदा कदापि कस्यचिदोपरि कृपां कुर्यात्, तस्यां कृपायामाक्षेपभावः न स्यात्।

**''सेवेत प्रणयं हित्वा दक्षः स्यान्न त्वकालवित्।**
**सान्त्वयेन्न च मोक्षाय अनुगृहन्न चाक्षिपेत्॥''[14]**

नृपः दुराग्रहयुक्तः न स्यात्। दुराग्रहे गुणग्रहणस्य अवसरः एव न भवति। दुराग्रही व्यक्तिः अहंमन्यः जायते, अन्यान् न शृणोति एवं विकासस्य उन्नतेः च प्रक्रिया बाधिता भवति। सर्वेषां सहभागिता अपि न भवति। सहभागितायाः अभावात् जनाः आत्मानमुपेक्षिताः अनुभवन्ति। उपेक्षायाः कारणात् प्रसन्नता अपि न भवति। अतः दुराग्रहं त्यक्त्वा सर्वेषाम् मन्तव्यान् श्रुत्वा, तेषां मन्तव्यानां यथायोग्यमुपयोगं राज्यस्य कल्याणाय भविष्यति। सर्वान् प्रति प्रीतिपूर्वकं व्यवहारं, सौहार्दं विश्वासं चोत्पाद्य सुखोत्पादकं भविष्यति। प्रजायां यदि कोऽपि जनः दुखार्तः शोकार्तः वा भवेत् तस्य दुखस्य शोकस्य वा विनाशायः पूर्णः प्रयत्नः विधेयः, केवलं वचनमात्रेण सान्त्वना न स्यात्। शत्रोः उपरि अपराधिनं प्रति वा प्रहारात् पूर्वं सम्यक् विचारणा मन्त्रणा वा आवश्यकी। कोऽपि निरपराधः दण्डितः न स्यात्। अहंकारस्य तुष्ट्यर्थं कदापि आक्रमणं न कर्त्तव्यम् भवेत्। शत्रून् हत्वा शोकोऽपि न कर्त्तव्यः स्यात् अन्यथा शोककारणात् विषादं प्राप्य नृपः राज्यसंचालने सामर्थ्यहीनः भविष्यति तथा च निर्णयाः अपि सुपरीक्षिताः न भवेयुः। राज्यसंचालने क्रोधस्य अवसराः तु अनेके, परं क्रोधः विचारपूर्वकः स्यात्। अकस्मात् अविचार्य क्रोधस्तु विनाशाय एव, विवेकसम्पन्नः क्रोधस्तु कार्याणां सम्पादने आवश्यकः अन्यथा दुष्टाः असज्जनाः असामाजिकाः जनाः राज्यभयविहीनाः उच्छृंखलाः भूत्वा सज्जनान् पीडयन् ताण्डवं करिष्यन्ति। दुष्टानां हृदये राजदण्डभयमावश्यकं तत्तुं क्रोधं विना कथं भवेत्? अतः नृपस्य कृते क्रोधस्तु आवश्यकः परं विवेकयुक्तः विचारपूर्वकः स्यात्। क्रोधस्य महत्त्वं प्रतिपादयन् भारविरपि आह–

**''अवन्ध्यकोपस्य विहन्तुरापदां भवन्ति**
**वश्याः स्वयमेव देहिनः।**
**अमर्षशून्येन जनस्य जन्तुना न जातहार्देन**
**न विद्विषादरः॥''[15]**

नृपः दुष्टानां कृते भयोत्पादकः क्रोधेन रौद्ररूपः स्यादेव परं सज्जनान् प्रति कोमलतायुक्तः भूत्वा तेषामुत्साहवर्धनाय पुरस्कारान् अपि प्रयच्छतु।

एतान् गुणानवलोक्य एतद् वक्तुं शक्यते यत् राज्ञः स्वरूपं किमपि अलौकिकम् अतुलनीयं दिव्यगुणोपेतम् इति महाभारतकारस्य मते स्पष्टमेव प्रतीयते। मनुना नृपस्य विषये यदुक्तम्–

**''यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितो नृपः।**
**तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा॥''[16]**

वर्तमाने राज्ञः स्थाने लोकतन्त्रे प्रधानमन्त्रीपदं विनिर्मितम् अस्माकं संविधाननिर्मातृभिः। अतः अस्माकं कर्त्तव्यमेतद् यत् नेतृचयनवेलायां वा उक्तप्रकारकैः गुणैः संवलितः प्रतिनिधिरेव अस्माकं प्रतिनिधित्वं कुर्यात् इति अवश्यमेव प्रयत्नो विधेयः। न कश्चन धूर्तः, वञ्चकः, स्वार्थपरायणः, संवेदनहीनः, दुष्टप्रकृतिकः अस्माकं प्रतिनिधिः, राजा, मन्त्री वा स्यादिति प्रयासो विधेयः।

**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**जाकिर हुसैन दिल्ली महाविद्यालय**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ई-मेल : saraswatizhdc@gmail.com**

**सन्दर्भ सूची**

1. महाभारत शान्तिपर्व, 70.1
2. वही, 70.2
3. वही, 70.3
4. महाभारत, शान्तिपर्व, 70.4
5. किरातार्जुनीयम्, 1.4
6. महाभारत, शान्तिपर्व, 70.5
7. मनुस्मृति, 7/18
8. मनुस्मृति, 8/128
9. चाणक्यनीति, 2/7
10. महाभारत, शान्तिपर्व, 70.7
11. वही, 70.8
12. पंचतन्त्र, काकोलूकीयम्, 3.192
13. महाभारत, शान्तिपर्व, 70.9
14. महाभारत, शान्तिपर्व, 70.10
15. किरातार्जुनीयम्, 1/33
16. मनुस्मृति, 7/5

International Journal of Sanskrit Research 2020; 6(3): 42-45

International Journal of Sanskrit Research

अनन्ता

ISSN: 2394-7519
IJSR 2020; 6(3): 42-45
© 2020 IJSR
www.anantaajournal.com
Received: 18-03-2020
Accepted: 29-04-2020

**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

**Corresponding Author:**
**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

# गीतानुसारिणीशिक्षणपद्धति

## दीपक कालिया

**सारांश**

शतसाहस्रीसंहितामहाभारत के भीष्मपर्व में संकलित श्रीकृष्ण द्वारा कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अर्जुन को दिए गए उपदेश "श्रीमद्भगवतगीता" नाम से प्रसिद्ध हैं। अठारह अध्यायों एवं सात सौ श्लोकों में निबद्ध यह उपदेश शिक्षण के स्वरूप एवं पद्धति का परिचायक है।प्रस्तुत शोधपत्र में शिक्षक श्रीकृष्ण द्वारा शिष्य अर्जुन को जिस पद्धति से शिक्षित किया गया उसी का विवेचन करते हुए गीता के आधार पर शिक्षण का स्वरूप, शिक्षक व शिष्य के कर्त्तव्य, शिक्षक व शिष्य के सम्बन्ध एवं वर्तमान शिक्षण पद्धति से गीतानुसारिणी शिक्षण पद्धति की तुलना की गई है। शिक्षण के स्वरूप का विवेचन पांच मुख्य क्रियाओं के आधार पर किया गया है वे हैं–शारीरिकी, प्राणिकी, मानसिकी, आन्तरात्मिकी और आध्यात्मिकी। तदनन्तर गीता के उद्धरणों द्वारा यह प्रतिपादित करने का प्रयास किया है कि सफल शिक्षण वही है जिसमें शिक्षक शिष्य के प्रति स्नेहभाव युक्त हो व शिष्य शिक्षक के प्रति निष्ठावान श्रद्धावान व समर्पित हो, दोनों में परस्पर सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध हो। गीता की शिक्षण पद्धति का सार है "शिक्षकः तु मार्गदर्शकः न तु निर्देशकः"। शिक्षण की परिणति तभी है जब अर्जुन की भांति शिष्य शिक्षक से कहे–"नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।स्थितोऽस्मि गतसंदेहः करष्ये वचनं तव"।

**मूल शब्दः** गीतानुसारिणी शिक्षणपद्धति वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण जगत के लिए सर्वथा ग्राह्य एवं उपादेय है अतएव कहा है– कृष्णं वन्दे जगद्गुरूं।

**प्रस्तावना**

कुरुक्षेत्र की रणभूमि में भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा किंकर्त्तव्यविमूढ़ शरणागत अर्जुन को जो उपदेश दिए गए वे उपदेश शतसाहस्रीसंहिता महाभारत के भीष्मपर्व में "श्रीमद्भगवद्गीता" के रूप में सात सौ श्लोकों में निबद्ध हैं। इस उपदेशात्मक श्रीमद्भगवद्गीता में जो शिक्षणपद्धति का स्वरूप है वह विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण एवं ग्राह्य है क्योंकि वर्तमान शिक्षणपद्धति से गीतानुसारिणी शिक्षणपद्धति अपेक्षाकृत अधिक व्यावहारिक है।युद्ध भूमि में जब अर्जुन शत्रुपक्ष में स्वजनों को देखता है तो वह श्रीकृष्ण से कहता है–

> दृष्टवेनं स्वजनंकृष्ण युयुत्सुंसमुपरिस्थतम्।
> सीदन्ति मम गात्राणि मुखंचपरिशुष्यति।।(1/28)

ऐसी परिस्थिति में शोकमोहग्रस्त अर्जुन के मन में द्वन्द्व उत्पन्न होता है और वह किंकर्त्तव्य विमूढ़ होकर कहता है "नयोत्स्ये" और श्रीकृष्ण की शरण में जाकर अपनी मनोव्यथा का वर्णन कर निवेदन करता है–

> कार्पण्यदोषोपहतस्वभावः पृच्छामित्वांधर्मसम्मूढचेताः।
> यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितंब्रूहितन्मे शिष्यस्तेऽहंशाधि मांत्वांप्रपन्नम्।। (2/7)

अर्जुन के युद्ध न करने के निश्चय को और उसकी प्रार्थना को सुनकर श्रीकृष्ण उसे इस प्रकार उपदेश देते हैं–

> तमुवाचहृषीकेशः प्रहसन्निवभारत।
> सेनयोरुमयोमध्ये विषीदन्तमिदंवचः।। (2/10)

इसी पृष्ठभूमि से गीता में शिक्षण का सूत्रपात हुआ।

शब्दार्णव *An International Peer Reviewed Refereed Journal of Multidisciplinary Research*
वर्ष–7, अंक–13, भाग–1, जनवरी–जून, 2021 | **ISSN: 2395-5104**

# अभिलेखों के परिप्रेक्ष्य में नारी की भूमिका

• **डॉ0 शारदा वर्मा**

संस्कृत वांङ्मय में अभिलेखों का अक्षुण्ण स्थान है। प्राचीन भारतीय इतिहास के पुनर्निमाण में अभिलेखों का महत्त्व अत्यधिक है। अभिलेखों की पुनः प्रतिलिपि नहीं होती थी। बिना संवत् व तिथि के भी पुरालिपि विद्या के आधार पर अभिलेखों के काल का निर्धारण किया जा सकता है। इसलिए पुरातात्विक स्रोतों को प्रत्यक्ष साक्ष्य तथा साहित्यिक स्रोतों को परोक्ष साक्ष्य माना गया है।

वैदिक साहित्य का अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि स्त्री को गृहस्वामिनी, सहधर्मिणी, सुवीरा, शूरपत्नी आदि नामों से संबोधित किया जाता था। वहीं अभिलेखों में इस तरह के संबोधनों की अपेक्षा उसे एक कुशल प्रशाससिका व धार्मिक कार्यों में रत सहधर्मिणी के रूप में वर्णित किया गया है। वेदों में वर्णित श्रद्धा कामायनी, शची, यमी, इन्द्राणी, उर्वशी, सावित्री आदि जहाँ वैदुष्य का आदर्श रूप मानी जाती थी वहीं अभिलेखों में भी पृथ्वी महादेवी, कुमारदेवी, गौतमी हरिती, प्रभावती गुप्ता, कश्मीर की दिद्दा, दिल्ली की रजियासुल्तान, अहिल्याबाई आदि प्रमुख हैं जिन्होंने कुशल प्रशासिका की भूमिका निभाई और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर पुरुषों के समान ही राजकीय उपाधियाँ भी धारण की। इसके साथ उनके द्वारा अनेक धार्मिक कार्य किए जाने के अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनमें यज्ञ करवाना, मन्दिर–मठ का निर्माण किया जाना तथा गुहा आदि का दान उल्लेखनीय है। सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण थी यह कहना अतिश्योक्ति न होगी कि समाज में नारियों का गौरवपूर्ण स्थान था।

नागम्निका का नानाघाट गुहाभिलेख (1 शता. ई. का उत्तरार्ध) में शातकर्णि प्रथम की स्त्री नागम्निका द्वारा, जो देव पुत्रद वरद आदि की माता द्वारा श्रेष्ठ नाग का दान करने वाली, मास का उपवास करने वाली, गृह में तपस्या करने वाली, ब्रह्मचर्य की आचरण करने वाली दीर्घ व्रत तथा यज्ञ में प्रवीणा द्वारा धूप से सुगंधित अनेक यज्ञ किए जाने का उल्लेख है।[1]

वशिष्ठी पुत्र पुलुभावि के शासनकाल में (लगभग 141 ई.) महारानी गौतमी बलश्री द्वारा ''त्रिरश्मिपर्वतशिखर पर धर्म देयगुहावास निर्मित कराए जाने का तथा भद्रायणी भिक्षुसंघ निकाय को दिए जाने का उल्लेख है।[2] वह राजाओं के राजा गौतमी–पुत्र शातकर्णि की माता थी तथा सत्य, शांति दया आदि गुणों से वेष्टित, तपस्या, आत्मसंयम, नियमन राजसी ऋषियों की नारी की तरह अपना जीवन व्यतीत करती थी।

इसी प्रकार प्रभावती गुप्ता का पूना ताम्रपत्र (5 शता. ई.) प्राप्त है। जिसमें दंगुण नामक ग्राम दान का तथा प्रशासनिक आदेश का उल्लेख है जिसके लिए परमभागवत महाराजा धिराज श्री चन्द्रगुप्त की दुहिता, नागकुल की महादेवी कुबेरनाग से उत्पन्न दोनों कुलों की आभूषण भगवद्भक्त या वाकाटकों के महाराज रूद्रसेन की अग्रमहिषी कहा है। इस लेख में प्रभावती गुप्ता ने अपने आपको 'अत्यन्त भगवद्भक्ता' तथा भगवत्पाद अनुध्याता भी कहा है।[3] अनुध्यै धातु का अर्थ है एकाग्रता से सोचना या विचार करना।

आदित्यसेन के अफसद लेख (672 ई.) में भी उनकी माता के द्वारा स्वर्ग में भव्यगृह के समान विष्णुमन्दिर तथा रानी कोंकण देवी द्वारा मीठे पानी का सरोवर बनाए जाने का उल्लेख है।[4] कनिष्क के सारनाथ बौद्ध प्रतिमालेख स. 3 (81 ई.) में ''चतुहि परिषाहि'' शब्द आया है जिसका अर्थ भिक्षुणी संघ–भिक्षु संघ, उपासिका संघ व उपासक संघ से है तथा यह भी उल्लिखित है कि इन संघों के हित व सुख का ध्यान रखा जाता था।[5] इसी प्रकार हर्ष के मधुबन ताम्रपत्र में यशोमती देवी को निर्मल यश बाली बुद्ध की परमभक्त व परोपकारी महिला बताया है।[6]

• **एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

अशोक के अभिलेखों में भी आज्ञा दी गई है कि **''यः तु खलु भिक्षुः व भिक्षुणीवा संघ भनक्तिः स अवदातानि दूष्याणि संनिध्याप्या''** अर्थात् जो भिक्षु या भिक्षुणी संघ में भेद करेगा उसे श्वेत वस्त्र धारण कराकर एकान्त स्थान में रखा जाएगा।

शोडासकालीन मथुरा पूजाभिलेख 15 ई. संवत् 72 में – ''हरितिपुत्रसभयायै समनयविकायै'' वर्णन है। यहाँ श्रमणश्राविका से उल्लेख जैन भिक्षु तथा भिक्षुणियों से है। संभवतः इन्होंने जैन धर्म का प्रचार प्रसार किया होगा।[7] इसी प्रकार कुमार देवी के सारनाथ शिलाभिलेख (1114–55 ई) में कुमारदेवी द्वारा विहार बनाए जाने का वर्णन है जिसमें वसुधा की प्रतिमा स्थापित की गई तथा महात्माबुद्ध की भी नई प्रतिभा स्थापित की गई तथा महात्माबुद्ध को भी नई प्रतिमा 'जिन' रूप में विहार में स्थापित की।[8]

एक कुशल प्रशासिका के रूप में भी अनेक उदाहरण मिलते है। उदाहरणार्थ शासनारूढ़ रानी दूसरे पुरुष शासकों के अनुरूप ही उपाधियाँ धारण करती थीं। भौमकर वंश की रानी दंडी महादेवी (11 शताब्दी उडीसा) को 'परम–भट्टारिका महाराजाधिराज– परमेश्वरी' तथा प्रभाववती गुप्ता को 'अंगुमाहिषी' कहा है। गौतमी पुत्र शातकर्णी की माता और उसके पुत्र वसिष्ठी पुत्र पुलुभावि की दादी को 'महाराज माता' तथा 'महाराजपिता मही.'' की उपाधि धारण किए उल्लिखित है। यह भी वर्णन है कि शातकर्णी का माता के प्रति असीम भाव था।

स्त्रियों को अभिलेखों में प्रशासनिक कार्य में भाग लेते भी वर्णित किया है जैसे कदम्बमयूर शर्शन का स्वामी महासेन तथा माताओं द्वारा अभिषेक किया गया।[9]

स्वामी महासेन–''मातृगणानुध्यात अभिषिक्त'' तलगुण्डा लेख में 22–23 पंक्ति में माताओं द्वारा अभिषेक का वर्णन है।[10] जिससे प्रतीत होता है रानियाँ नाम मात्र की उपाधि ही धारण नहीं करती थी। वरन् उन्हें समाज में आदरणीय स्थान प्राप्त था।

पुरालेखीय स्रोतों से यह भी ज्ञात होता है कि ईसवी संवत् की प्रारम्भिक शताब्दियों में विशेष रूप से देश के दक्षिण भागों में राजकीय और प्रतिष्ठित लोग अपने नाम के साथ माता का गोत्र लगाते थे जैसे– वनवसी के कदम्ब, बादामी के चालुक्य राजाओं ने 'अपने आपको हरिती पुत्र कहा है शक सातवाहन काल में दक्षिणी भारत में माता का नाम यहाँ के अधिकतर राजाओं के नाम के पहले जुड़ा मिलता है। जैसे– वशिष्ठी पुत्र पुलुभावि, गौतमी पुत्र शातकर्णि आदि। यह भी प्रतीत होता है कि प्राचीन भारत में विवाह के कई ऐसे रूप प्रचलित थे जिनमें पत्नी के पितृ गोत्र का उसके पति के साथ गोत्रान्तर नहीं होता था। कन्नड़ क्षेत्र के अभिलेखों में महामहिषी व अग्रमहिषी के स्थान पर 'परिअरसि' शब्द मिलता है।

आधुनिक युग की तरह उस समय भी नारी को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करता हुआ पाते हैं। उदाहरणार्थ पृथ्वी महादेवी की दो बौद्ध पट्टिकाएं (970–1000 ई.) प्राप्त है जिनसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि रानी का अपने पतिकुल के संबंधियों से संघर्ष हुआ और उसे सिंहासनाच्युत होना पड़ा परन्तु अपने पिता महाशिव गुप्त ययाति–प्रथम के सक्रिय सहयोग से वह भौमकर राजसिंहासन की उत्तराधिकारी बनी तथा अधिकार पत्रा भी जारी किये।[11]

इस प्रकार नारी ही सुसभ्य व सुसंस्कृत समाज को जन्म दे सकती है। ऐसे अनेक उदाहरण वैदिक काल से लेकर पुरातात्विक स्रोत का अध्ययन करते हुए पाते हैं आज की नारी भी पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण न कर भारतीय में वर्णित स्थिरता, धैर्य, विद्वता, सेवाभावना आदि गुणों को अपनाएं तो देश व समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है तथा वह भी आदरणीय स्थान पा सकती है।

## संदर्भ सूची –

1. सिरिस भारिया देवस............ब्रह्मचरियाय...........दिखव्रत–यत्र–सुडाय–यज्ञा हुता। (4–5 पंक्ति) भारतीय पुरालेखों का अध्ययन, पृ. 47
2. भा.पु. का अ., पृ. 53
3. वाकाटकानां महाराज श्री रुद्रसेनस्याग्रमहिषी – श्री प्रभावती गुप्ता सुप्रतिष्ठि ताहारे। (भा.पु. का अ. – पृ. 58)

**4.** सत्यभर्तृव्रता यस्य मुखो 4 धानताप सी तज्जन्या महादेव्या श्रीमत्या कारितो म.। धार्मि केभ्य स्वयं दतः सुलोक गुहापमः।।27 भाठ पु. का. पृ. 106
**5.** भा.पु. का अध्ययन, पृ. 38
**6.** भा.पु. का अ., पृ. 122
**7.** भा.पु. का अ., पृ. 52
**8.** Select Inscriptions. Vol.-II, p. 297
**9.** एपि. इडि. जि. 28 (पृ. 27)
**10.** तुल. सिलेक्ट इसके, पृ. 453 पाद टि. 31
**11.** जे.एन.एस. लैटर्स जिल्द 19, 1953, प्र. 117 से आगे एपि.इडि. जिल्द 29, पृ. 210

❖

# वैदिक युग से आधुनिकता की ओर नारी

• **डॉ0 शारदा वर्मा**

समाज का स्त्रियों के प्रति दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण आधार रखता है। किसी भी सभ्यता की आत्मा समझने तथा उसकी श्रेष्ठता व उपलब्धियों का मूल्यांकन स्त्रियों की दशा पर निर्भर करता है।

वैदिक युग में नारी को प्रतिष्ठित व गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था। ऋग्वेद में नारी को पुरुष के समान अधिकार देते हुए कहा है- जो पति पत्नी समान मन वाले होकर ईश्वर की आराधना से अपनी आत्मा को पवित्र करते है उन्हें अन्न, धन, संतान, स्वर्ण और यश की प्राप्ति होती है।[1]

**"या दम्पती सुमन सा सुनु च आ च धावतः। देवासो नित्य या शिरा।"**

ऋग्वेद में नारी को देवी, विदुषी, प्रकाशवती, कन्या, पत्नी, जननी, अध्यापिका, उपदेशिका आदि अनेक रूपों में वर्णित किया है। सामाजिक क्षेत्र में सत्य की विधात्री, यशोमयी, समाज की पताका और शत्रुओं को हराने वाली वीरांगना कहा है।[2] उस समय पति-पत्नी मिलकर यज्ञों में भाग लेते थे कहीं-कहीं यज्ञ में उसकी ''पूर्वहूति'' का भी वर्णन है।[3] स्त्रियों को पहले यज्ञवेदि में प्रवेश करने के लिए भी कहा है।[4]

"आरोहन्तु जनयो योनिमग्ने।" ऋग्वेद में ही वर्णन आता है कि विदुषी नारी अपने श्रेष्ठ ज्ञान एवं कर्म से यज्ञ को संचालित करती है तथा उसे धारण करती है।[1]

**यज्ञं वष्टुधियावसुः। यज्ञं दधे सरस्वती।**

कुछ यज्ञ केवल स्त्रियों द्वारा ही किए जाते थे जैसे सीता यज्ञ, रुद्रबलियज्ञ, रुद्रयाज्ञ आदि[6] ऋग्वेद की तरह ही यजुर्वेद[7] सामवेद[8] अथर्ववेद में भी स्त्रियों को शुद्ध, पवित्र व यज्ञयि कहा है।[9]

शुद्धा पूता योषितो यज्ञिया इमाः। संभवतः इन प्रत्यक्ष यज्ञों के स्त्रियों द्वारा किए जाने के पीछे यही भावना रही होगी कि स्त्रियाँ उर्वरता की प्रत्यक्ष प्रतीक है।

आपस्तम्ब धर्मसूत्र में भी वर्णन मिलता है कि पति-पत्नी में कोई भेद नहीं है धार्मिक कार्यों में वे दोनों मिलकर सहयोगी हैं। पुण्य फलों में भी और सम्पत्ति में भी।[10]

जाया पत्यो न विभागो विद्यते। पाणिग्रहणाद्धि सहत्वं कर्मसु। तथा पुण्य फलेषु। द्रव्य परिग्रहेषु च।

अनेक श्रोत सूत्रों एवं गृह्य सूत्रों में पति के साथ पत्नी द्वारा मंत्रोच्चारण का उल्लेख है।[11] गोभिल गृह्यसूत्र में तो स्पष्ट निर्देश है कि पत्नी शिक्षित न हो तो यज्ञ में भाग नहीं ले सकेगी इसलिए उसे शिक्षित होना चाहिए।[12]

**न हि खलु अनधीत्य शक्नोति होतुमिति।**

शांखायन गृह्यसूत्र में तो स्पष्ट उल्लेख है कि पुरुषों के समान नारी को भी पितृ-तर्पण प्राप्त करने का अधिकार था। गार्गी वाचक्नवी वडवाप्राति थे यी सुलभ मैत्रेयी आदि उन सम्माननीय नारियों में गिनी गई है जिन्हें प्रत्येक आर्य द्वारा जलतर्पण अर्पित किया जाना चाहिए।[13] सूक्ष्म दृष्टि से विश्लेषण करें तो ज्ञात होता है कि वैदिक काल की तरह गृह्यसूत्रों में उसे उच्च स्थान प्राप्त था परन्तु धर्म सूत्रों तक आते-आते परवर्ती साहित्य में उसके अधिकारों में अवनति स्पष्ट दिखाई देती है जिसका आरम्भ शतपथ ब्राह्मण से हो चला था।

समाज में यद्यपि सती तथा पर्दा प्रथा का प्रचलन नहीं था परन्तु उन्हें शासन व सम्पति में अधिकार नहीं दिए गए थे। वात्स्यायन ने लिखा है कि स्त्रियों को चौसठ कलाओं की शिक्षा दी जाती थी उन्हें ललित कलाओं यथा संगीत, नृत्य, चित्र

---

• **एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

मालाकारी आदि की विधिवत् शिक्षा दी जाती थी। यद्यपि ऋग्वेद व अवेस्ता में सती प्रथा तथा पर्दा प्रथा का प्रचलन नहीं मिलता। ब्राह्मण साहित्य तथा गृह्य सूत्रों, बौद्ध साहित्य, मेगस्थनीज, कौटिल्य आदि के समय भी स्पष्ट उल्लेख है कि वैदिक समाज में सती प्रथा का प्रचलन नहीं था।

भारतीय समाज में सती प्रथा का प्रचलन चतुर्थ शती ईसा पूर्व के बाद किसी समय हुआ होगा। महाभारत में पाण्डु की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी माद्री सती हो गई थी परन्तु ऐसे कई उदाहरण भी हैं जहाँ पत्नियाँ सती नहीं हुई थी जैसे अभिमन्यु, घटोत्कच तथा द्राण की पत्नी सती नहीं हुई थी। जीमूतवाहन ने दायभाग में लिखा है कि सती प्रथा का उद्देश्य स्त्री को सम्पत्ति के अधिकार से वंचित करना था।

पर्दा प्रथा ई. सन् के प्रारम्भ में प्रचलित होता दिखाई देता है। भास, भवभूति, मृच्छकटिकम् में पर्दा प्रथा का उल्लेख मिलता है। ललित विस्तर में बुद्ध की पत्नी गोपा ने मुँह पर घूंघट डालने का यह कहते हुए विरोध किया कि शुद्ध विचार के लिए बाहरी आवरण की आवश्यकता नहीं है। महाभारत में पत्नी को त्रिवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ, काम का मूल कहा गया है–

**"भार्या मूलं त्रिवर्गस्य''**

उस समाज में स्त्रियों की प्रतिष्ठा इससे भी ज्ञात होती है कि दवताओं के नाम से पहले देवियों का नाम संयुक्त रूप से मिलता है– लक्ष्मी नारायण, उमा–महेश, सीता–राम, राधा–कृष्ण आदि। महाकवि कालिदास ने भी रघुवंश (8.65) में "गृहिणी सचिव सखी मिथ:" कहकर स्त्री की महत्ता स्वीकार की है। पुरुषों के समान नारी को भी पितृ–तर्पण प्राप्त करने का अधिकार था। मार्गी वाचक्न्वी वडवाप्रातिभेयी तथा सुलभा मैत्रेयी आदि उन आदरणीय स्त्रियों में गिनी गई हैं जिन्हें प्रत्येक आर्य द्वारा जल तर्पण किया जाना चाहिए।

मैत्रेयी और गार्गी के द्वारा एक वीर योद्धा के रूपमें प्रश्न पूछे जाने तथा शास्त्रार्थ किए जाने से औपनिषदिक काल में स्त्री वर्ग की अत्यंत उत्कृष्ट व सम्मानपूर्ण स्थिति का पता चलता है।

**द्वौ बाणवन्तौ सपत्नाति व्यधिनौहस्ते...............**

**द्वाभ्यां प्रश्नाभ्यामुपोदस्थां तौ मे ब्रूहिति। बृह. 3/8/2**

परन्तु धर्मसूत्र तक आते आते धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में स्त्री को अस्वतंत्र कर दिया गया था–

**अस्वतंत्रा धर्मे स्त्री - गौ. धर्मसूत्र 29/1**

धीरे–धीरे धार्मिक अनुष्ठानों से सम्बद्ध अधिकार सम्बन्धियों व पुरोहित वर्ग को दे दिए थे। इससे यह तो स्पष्ट है कि इससे पूर्व स्त्री को उपनयन गुरुकुल वास तथा यज्ञ के अधिकार थे परन्तु परवर्ती काल में स्त्रियों के अधिकार संकुचित होने लगे सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में उस पर बंधन लगने लगे उसे घर के अन्दर ही रहने को बाध्य किया गया।

विदेशी आक्रान्ताओं के भय से तथा स्वार्थी पुरोहित वर्ग के रूढ़िवादी दृष्टिकोण व अंधविश्वास के कारण शास्त्रों में वर्णित मान्यताओं के मौलिक अभिप्राय को न समझकर रूढ़िवादी दृष्टिकोण अपनाया जाने लगा जिससे स्त्रियों को उनके अधिकार से वंचित कर दिया गया।

वेदों, पुराणों आदि में चाहे नारी का कितना भी महिमा–मंडन क्यों न किया हो लेकिन आज के इस आधुनिक युग में भी पुरुष प्रधान समाज नारी के प्रति असम्मान भाव से भरा है महाभारत काल से लेकर नारी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह विशिष्ट भूमिका में संचालिका रही है कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जहाँ पुरुषों की अपेक्षा अधिक कुशल कर्म न साधा हो। महाभारत के अध्ययन से ही यह पता चलता है कि नारी के विविध आयामों एवं उसका स्वरूप न पहचानने एवं उचित सम्मान न करने के कारण मानव जाति को कितने विकट परिणाम भुगतने पड़े। यद्यपि सभी इस बात से परिचित हैं कि महिलाएँ ही दोहरी भूमिका बेहतर ढंग से निभा सकती है। उनके पास कुछ विशेष गुण होत हैं लेकिन विद्यमान सामाजिक ढांचे के कारण वह उन गुणों का भरपूर उपयोग नहीं कर पाती। ऐसा कौन सा क्षेत्र है जिसमें महिलाएँ आगे नहीं आई सरोजिनी नायडू, रानी लक्ष्मी बाई, इन्दिरा गाँधी, महादेवी वर्मा, कल्पना चावला, मल्लेश्वरी, तसलीमा नसरीन आदि समाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में सफलता

प्राप्त कर नए मुकाम हासिल कर चुकी है। परन्तु फिर भी सामान्य स्तर पर दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है भारतीय समाज में गर्भ में आई कन्या की हत्या की जाए तथा त्यौहार के समय पूजा जाए ऐसे रूढ़िवादी समाज को वास्तविकता से अवगत होना चाहिए।

नारी को भोग्या समझने वाला समाज नारी का तरह तरह से शोषण कर रहा है प्रतिस्पर्धा के दौर से गुजर रहा व्यापार जगत भी पूरी तरह महिलाओं पर आश्रित है। अपने उत्पादन बेचने के लिए निम्न स्तर के विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं।

यह सामाजिक विडम्बना ही है कि नारी को हमेशा परस्पर विरोधी सामाजिक विचारों के बीच जीने को बाध्य होना पड़ता है। एक तरफ परम्परागत संस्कारों में जकड़ा समाज जो आज भी लड़की को स्कूल का मुँह दिखाना जरूरी नहीं समझता तो दूसरी तरफ पत्नी रूप में 'स्मार्ट गर्ल'तलाशने वालों की भी कमी नहीं। एक तरफ वह नारी का वात्सल्य की ऐसी मूर्ति के रूप में देखना चाहते हैं जो परिवार व बच्चों पर प्यार लुटाती रहे तो दूसरी तरफ सही अर्थों में अर्धांगिनी तथा आर्थिक क्षेत्र में सहायिका बने इन्हीं परस्पर विरोधी विचारों के मेल को नारी पर लादकर उस पर स्वार्थी व हृदयहीन होने के आरोप लगाये जाते हैं।

सच तो यह है कि समाज महिला के संबंध में दोहरी मानसिकता रखता है एक तरफ उनकी आर्थिक स्वतंत्रता व स्वतंत्र व्यक्तित्व की बात करते नहीं थकते तो दूसरी तरफ उनकी इस भूमिका की आलोचना की जाती है वो यह नहीं समझते कि अगर वह आज घर से बाहर निकली हं तो केवल अपनी जिन्दगी खुशहाल बनाने के लिए नहीं अपितु पूरे परिवार के सुख के लिए। एक शिक्षित नारी पूरे परिवार को शिक्षित करती है।

भारतीय समाज को लड़के-लड़की का भेदभाव समाप्त कर अपनी संकुचित मानसिकता और अहं भाव को त्यागना होगा। जैसे कहा जाता है पत्येक सफल पुरुष के पीछे एक स्त्री की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसी प्रकार एक सफल स्त्री के पीछे पुरुष की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। तभी एक सभ्य सुसंस्कृत समाज व सुदृढ़ राष्ट्र की संरचना की जा सकती है इसके लिए पुरुष को अहं त्यागकर नारी जाति के उत्थान सम्मान में सहयोग देना चाहिए जिससे स्त्री समाज में पारिवारिक व सामाजिक संतुलन बनाए रखते हुए और तेजी से आगे बढ़ सके।

## संकेतिक संदर्भ ग्रंथः-

1. ऋ. - 8/31/5
2. ऋ. - 1/86/10, ऋ. 1/79/1, 10/159/2, 10/86/9
3. पत्नी व पूर्वहूतिं वावृधघ्या.........। ऋ. 1/122/2
4. ऋ. - 10/18/7
5. ऋ. - 1/4/10-11
6. पारस्कर गृ. सू. - 2/17, 3/8/10
7. पत्नीवृतश्च में .................. यज्ञेन कल्पन्ताम् / यजु. - 18/20 पत्नी सुकृतं बिभर्ति। यजु. 19/14, यजु.-14/1, 37/4, 6/24 दयानन्द भाष्य।
8. अर्चन्ति नारीरपसो न विष्टिभिः। साम. 1757 (सातवलेकर संस्करण)
9. अथर्ववेद - 11/1/17, अथर्ववेद - 3/28/6
10. आ.ध.सू. - 2/6/14/16-19
11. आ.श्रो.सू. - 1/11, गो.गृ.सू. - 1/3/2/3, आप.गृ.सू. - 12/3/12, पारस्कर गृ.सू. - 9/2/1
12. गो. गृ.सू. - 1/3
13. गो. गृ.सू. - 2/1/19, काठक गृ. सू. - 19/2, आश्व. गृ.सू. - 3/8/11-15
14. गौतम ध. सू. - 29/1

❖

**Research Discourse (ISSN 2277-2014) :** An International Peer-reviewed Refereed Research Journal, **Pub. by :** SARDI, Vns, U.P. (INDIA)
**Indexed by :** IIJIF, I2OR, SJIF, **I2OR Impact Factor :** 6.650, Vol . XI, No. I, JANUARY-MARCH 2021, Page No. : 25-27

# नारी : कलचुरि अभिलेखों के आलोक में

**डॉ0 शारदा वर्मा***
*एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**सारांश** : वैदिक काल से लेकर गुप्तकाल तक स्त्रियों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति अच्छी थी। स्त्रियों को शिक्षा धर्म और सम्पत्ति में अधिकार था वे स्वतंत्र रूप से कृषि एवं पशु पालन व जनकल्याणकारी कार्यों में सहयोग करती थी परन्तु उनका पूरा व्यक्तित्व पिता, पुत्र व पति के लिए समर्पित था।

**मुख्य शब्द** : वैदिक काल, कलचुरि अभिलेखों, ऋग्वेद, धर्मशास्त्र, कुम्भी लेख आदि।

भारतीय धर्मशास्त्र में नारी सर्वशक्ति सम्पन्न मानी गई है तथा विद्या, शील, ममता, यश और सम्पत्ति की प्रतीक समझी गई है। गृह की साम्राज्ञी के रूप में उसे प्रतिष्ठापित किया गया तथा घर के अन्य सदस्यों को उसके शासन में रहने के लिए निर्देशित किया गया। उसके बिना अकेला पुरुष अपूर्ण और अधूरा समझा गया।[1] ऋग्वेद के अनुसार नववधु श्वसुर गृह की साम्राज्ञी होती थी।[2] कलचुरि अभिलेखों के अनुसार स्त्री को समाज में सम्मानपूर्ण दृष्टि से देखा जाता था, जो स्त्रियों की उन्नत दशा का सूचक है। दानाज्ञा की विज्ञप्ति में अन्य अधिकारियों के नामों से पूर्व 'महाराज्ञी' अथवा 'महादेवी' आदि का उल्लेख किया जाता है। विजय सिंह के भेराघाट गौरी शंकर मन्दिर लेख में 'महाराज्ञी श्री मद्गौसलदेवी का नामोल्लेख भी किया गया है। स्त्रियाँ समाज में उत्साहपूर्वक भाग लेती थी उनके द्वारा किए गए धार्मिक व जनकल्याणकारी कार्यों का भी पता चलता है। पृथ्वीदेव के रत्नपुर प्रस्तरलेख में जगतसिंह की पुत्री को तीनों लोकों को पवित्र करने वाली बताया है।[3] **अस्पृष्टास्वर्द्धुनीवेयंभुवनत्रयपावनी।।**

कलचुरि अभिलेखों के अध्ययन से कन्याओं का माता के घर सम्मानित प्रतिष्ठित स्थिति का पता चलता हैं नारायण पाल के भागपुर ताम्रपत्रलेख में विग्रहपाल की रानी लज्जा को हैहयवंश का आभूषण माना है।[4] समाज और परिवार में माता का अत्यधिक गौरवपूर्ण स्थान था मनुस्मृति के अनुसार आचार्य उपाध्याय से पिता उपाध्याय से दस गुना सम्माननीय होता है परन्तु पिता से भी माता हजार गुना सम्माननीय होती है।[5] प्राचीन परम्परा के अनुसार ही कलचुरि अभिलेखों में भी अधिकतर दान माता–पिता व स्वयं की यशोभिवृद्धि के लिए किया गया है[6] इन लेखों में वंशावलि देते हुए अधिकतर पुत्र के साथ माता का नाम उल्लिखित किया है। उदाहरण के लिए यशकर्ण देवी के खैरहालेख में माता आवल्लदेवी का नरसिंह के भेराघाट प्रस्तर लेख में तथा कुम्भी लेख में 'माता' का नाम दिया गया है कहीं–कहीं पर राजा ने अपने आपको माता के द्वारा बताया है।[7] ''कृष्णं यशोदेव गुहं शिवेव' इस कथन से माता के प्रति महान श्रद्धा का पता चलता है।[8] अनेक कलचुरि लेखों में दान पुत्री के नाम पर भी दिया गया है।[9] जाज्जलदेव द्वितीय के मल्लार प्रस्तर लेख में स्त्री को उसके गुणों के कारण सुंदर माना है।[10] कलचुरि अभिलेखों में 'धर्म पत्नी व 'पतीव्रता' आदि शब्दों से स्त्रियों की पत्नी के रूप में प्रतिष्ठित स्थिति का पता चलता है। जाज्जदेव के रत्नपुर प्रस्तर लेख में रानी राजल्ला की तुलना लक्ष्मी और पार्वती से की है।[11] **'लक्ष्मी रिवाच्युतप्रीतिः सौभाग्येनेव पार्वती'**

पृथ्वी के कुगदा प्रस्तर लेख में हरिगण की पत्नी को भाग्य लक्ष्मी कहा गया है।[12] युवराज के बिलहरी प्रस्तरलेख में युवराज देव अपनी पत्नी से उसी प्रकार शोभायमान थे जैसे हाथी मद से वृक्ष फूलों से, बादल, बिजली से।[13] इसी लेख केयूर वर्ष की प्रिय पत्नी का वर्णन है।[14] भेराघाट लेख में गयाकर्ण का अपनी पत्नी के साथ, शिव तथा पार्वती के समान प्रेम बताया है तथा घर में श्रृंगार के समान, कलाओं के कलश, लावण्यमाल तथा गुणी बताया है।[15] प्राणाधिकाप्रेयसी, अमिटप्रेम बाहुल्यायं प्राणमन्दिरम्, सत्यधर्म्मरता शान्ता स्वकुलानन्दवर्द्धनी, साध्वी सदा बंधुजनाभिपूज्या आदि वर्णनों से पत्नी के पूजनीय व सम्मानित रूप का पता चलता है।[16] पति के मृत्योपरान्त भी रानियों को अपने पुत्रों के राज्यकाल में उसी प्रकार दान आदि धार्मिक कार्य तथा प्रशासन संबंधी कार्यों को करते हुए पाते हैं।

नरसिंह के भेराघाट लेख में विधवा रानी अल्हण देवी द्वारा वैद्यनाथ का मन्दिर, मठ, अध्ययन कक्ष तथा उद्यान आदि के निर्माण का उल्लेख है। इनके रक्षणार्थ दो ग्रामों का दान दिया गया। जाज्जलदेव ने सोमेश्वर को हराकर उसे उसके मंत्रियों तथा पत्नियों सहित कारागार में डाल दिया परन्तु माता को कहने पर उन्हें मुक्त कर दिया।[17] इससे उस समय स्त्रियों के प्रतिष्ठित रूप का पता चलता है। इन अभिलेखों में अनेक बार 'महारानी' या महादेवी की सम्मति से ग्राम दान या अन्य प्रशासन संबंधी कार्य किए गए[18] युवराज देव के बिलहरी प्रस्तर लेख में युवराजदेव की पत्नी चालुक्य वंशी नोहला की पूर्ण वंशावली दी गई है तथा भेराघाट प्रस्तर लेख में गुहिल वंशी अलहण देवी की वंशावली का वर्णन है।[19]यदि स्त्री शिक्षा के संबंध में देखें तो कर्ण के सारनाथ लेख में 'मामका' नाम की स्त्री का उल्लेख है जो बौद्ध धर्म की महायान शाखा की उपासक थी जिसने **'अष्टसाहरत्रका प्रज्ञा'** नामक पुस्तक में बौद्ध उपासकों के विषय में लिखा है।[20] राजशेखर की पत्नी अवन्ति सुन्दरी विदुषी थी। काव्यमीमांसा में राजदरबार में स्त्रियों को तथा महारानियों की दासियों को भी संस्कृत और प्राकृत की रचना करने में समर्थ बताया हैं नृत्य और चित्रकला स्त्रियों के प्रिय विषय थे।[21] सती प्रथा के कलचुरि अभिलेखों में एक दो उदाहरण मिलते हैं। यशकर्ण के खैरहा ताम्रपत्र और जबलपुर प्रस्तरलेख में गांगेयदेव के साथ उसकी सौ पत्नियों के सती होने का उल्लेख है।[22] शेवरी नारायण प्रस्तर लेख में भर्तृपरायण तीन रानियों के सती होने का वर्णन है। भारत में सती प्रथा का पुनः प्रचलन चौथी सदी ई.पू. के पश्चात् व्यवहार में आया। महाभारत में महाराज पाण्डु के मृत होने पर उनकी रानी माद्री सती हो गई थी।[23] कालिदास ने इस प्रथा का संकेत 'पतिवर्त्मगा' पद द्वारा किया है।[24] इस प्रकार सती प्रथा का कलचुरि काल में प्रचलन तो था परन्तु विशेष अनुसरण आवश्यक नहीं

था। 'ग्यारहवीं सदी का भारत[25] नामक पुस्तक में मध्य युगीन अरब लेखकों ने सती प्रथा का राजपूत और यौद्धा वर्ग द्वारा ही विशेष पालन किया जाता था ऐसा उल्लेख है मेघातिथि मध्यकालीन टीकाकार ने इसका प्रबल विरोध किया है। उस समय सती न होने वाली विधवाएं पारिवारिक संरक्षण में रहती थी इसके लिए विधवा अल्हण देवी व कोसल देवी के उदाहरण उल्लेखनीय हैं।

इसी प्रकार कलचुरि अभिलेखों में गणिकाओं और वेश्याओं आदि का भी उल्लेख मिलता है। लक्ष्मणराज के कारीतलाई प्रस्तर लेख में अंतपुर के वर्णन के समय वहाँ के मुखिया को कहा गया कि फर्श को सुगंधित जल से साफ करा दो तथा वेश्याओं को अनेक आभूषण देने को कहा है तथा दासी का भी वर्णन आता है।[25] 'कर्ण्णावतंस' शब्द का प्रयोग पृथ्वीदेव के लेख में मिलता है।[27] लक्ष्मणराज द्वितीय के कारीतलाई प्रस्तर लेख में पर्वों के आयोजन पर स्त्रियों की विशेष वेश–भूषा होती थी वे मेखला व रेश्मी वस्त्र धारण करती थी 'दुर्कुल' से अभिप्राय रेश्मी वस्त्र से था अग्नयाधान के अवसर पर यज्ञकर्ता उसकी पत्नी 'क्षोम अर्थात् लिनन वस्त्र धारण करते थे।[28] कलचुरि अभिलेखों में स्वयंवर प्रथा के अनुसार विवाह पद्धति का भी प्रचलन मिलता है। कर्ण के गोरहवा अभिलेख में समूह में पति के चयन किए जाने का उल्लेख है।[29] नरसिंह के भेराघाट प्रस्तर लेख में शंकरगण की रानी नट्टादेवी को चन्देलवंशी बताया है।[30] कर्ण का हूण रानी, विजयसिंह के गोपाल प्रस्तर लेख में मल्हण ब्राह्मण का जोगलानामक स्त्री के साथ संबंध बताया है जिसे उपपत्नी कहा जा सकता है। इसके साथ–साथ राजशेखर जो यायावर ब्राह्मण परिवार से था उसका विवाह चौहानवंशी अवन्तिसुन्दरी से हुआ था।[31] कलचुरि अभिलेखों में अपने सभीस्थ संबंधियों से विवाह का प्रचलन भी था। राष्ट्रकूटों व कलचुरि राजाओं के आपसी वैवाहिक संबंधों का उल्लेख अभिलेखों में मिलता है।[32] युवराजदेव प्रथम की अनेक देशों की रानियाँ थी इससे अन्तराजातीय विवाह के प्रचलन को भी मान सकते हैं। गांगेय देव की सौ रानियाँ थीं।[33]

इस प्रकार बहुपत्नीप्रथा प्राचीनकाल से ही राजपरिवारों व मध्यमवर्ग में भी धनी, वैश्यों तथा उच्च वर्गों में विशेषतः प्रचलित थी। उस समय एकपत्नीत्व की अपेक्षा बहुपत्नी विवाह का प्रचलन था। स्त्रियों की दशा में युग के अनुरूप परिवर्तन होता रहा दानाज्ञा की विज्ञप्ति में अन्य अधिकारों के नामों से पूर्व 'महाराज्ञी अथवा महादेवी' आदि का उल्लेख उनकी समाज में सम्मानपूर्ण व उन्नत दशा को दर्शाता है। इस प्रकार कलचुरिकाल में स्त्रियों द्वारा किए गए धार्मिक कृत्यों, दानादि तथा माता के रूप में गौरवपूर्ण स्थान, पत्नी के रूप में धर्मपत्नी, पतिव्रता आदि शब्द उनकी प्रत्येक क्षेत्र में सुदृढ़ स्थिति को दर्शाते हैं।

**सन्दर्भ :**

1. एतावानेक पुरुषो यज्जायाऽऽत्मां प्रणेतिह।
   विप्रा प्राहुस्तथा चैतयो भर्ता सा स्मृतागंणा।।
   श.ब्रा.,5,2,1,10, मनुस्मृति 9.45
2. सम्राज्ञीश्वसुरे भवसम्राज्ञी अधिदेवषु। ऋग्वेद–10,85,46
3. का.इ.इ. भाग–4 संख्या–93, श्लोक–21
4. का.इ.इ. भाग–4 संख्या–93, श्लोक–21
5. वही, 2/45
6. शिवभट्टारकं समम्मच्चर्यमातापित्रोरात्मनश्चपुण्यशोभिवृद्धये। का.इ.इ. भाग–4, संख्या–63, श्लोक–21, पृ0 490
7. वही – संख्या–50, श्लोक–17, संख्या–60, श्लोक–27, एपिन्डिक्स संख्या–4, श्लोक–29, संख्या–60, श्लोक–24
8. वही – संख्या 85 श्लोक–16 जैसे यशोदा कृष्ण को, पार्वती गुह को पुत्र मानती थी वैसे ही महारानी लाच्छला देवी बल्लभराज को पुत्रवत मानती थी।
9. वही, संख्या–109 पंक्ति–2.3, संख्या–111–112, पंक्ति–2, संख्या–115, पंक्ति–8
10. वही संख्या–97, श्लोक–25
11. वही संख्या–77, श्लोक–18
12. सर्व्वार्धसंपदिसतोव गृहेषुभर्त्तल्लक्ष्मीरिवारथवनिता विनताबभूव, वही, संख्या–87, श्लोक–8
13. वही, संख्या–45, श्लोक–38
14. वही, संख्या–45, श्लोक–38
15. वही, श्लोक–24
16. वही, संख्या–93, श्लोक–18, श्लोक–17, संख्या–88, श्लोक–7, संख्या–93
17. का.इ.इ. भाग–4, संख्या–77, श्लोक–22
18. वही, संख्या–48, 50, 56, 63, 69, 70
19. वही, संख्या–47, श्लोक––30–37, संख्या–60, श्लोक–17–22
20. वही, संख्या–42, श्लोक–32, एपन्डिक्स संख्या–4, श्लोक–27, संख्या–95, श्लोक–30
21. काव्यमीमांसा, अध्याय 5, 6 और 11, पृ. 53, पंक्ति, 13–16, अध्याय–8, पृ0 38, पंक्ति, 23–26
22. का.इ.इ., भाग–4, संख्या–56, श्लोक–12, संख्या–57, संख्या–98, श्लोक–33
23. महाभारत, आदिपर्व, 95–65
24. कुमारसंभवम् 4.33, 35, 36, 45
25. अल्बेरूनी ग्यारहवीं सदी का भारत, पृ. 164–165, मेधातिथि, मनुस्मृति 8–156–7
26. अन्तर्वाषिकवासमन्दिरमही गन्धेदकैः क्षाल्यतां...इति शारिकोदितमभूत्सायं भदन्तपुर। का.इ.इ., भाग–4, संख्या–42, श्लोक–14,
27. पृ0 189
28. वही, भाग–4, संख्या–93, श्लोक–3, पृ0 468
29. अलौकिकत्वे (न विशे) ष चारूपयोषितां पव्वाणि वेष एषः। वही संख्या–42, श्लोक–12, पृ0 189

30. वही, संख्या–50
31. वही, संख्या–48
32. वही, संख्या–56, श्लोक–15
जोगेलेतिप्रियानूढातस्यासीच्चारूदर्शना।
हृदयानन्दजननी संपतिरिवनिश्चला
वही, एपन्डिक्स संख्या–5, श्लोक–30, पृ. 656
33. डॉ0 ए.एस. अल्तेकर, दी. राष्ट्रकूटाज एण्ड देयर टाइम्स (पूना) 1943, पृ0 343
34. चन्देलवंस प्रभवसुसिलानट्टाख्यदेवी सेतु पर्ज्जनेषित्।
का.इ.इ., भाग–4, संख्या–48, श्लोक–8, पृ0 242, संख्या–56
पंक्ति10, 11, संख्या–57, पंक्ति–10

**Śodha Mīmāṁsā - ISSN 2348-4624**
Letter No. NSL/ISSN/INF/2014/461
Published by : Kusum Jankalyan Samiti, Deoria, U.P. (INDIA)
UGC Journal No. 48923

I2OR Impact Factor : 2.995
Year : VIII, No. XXIX
January-March, 2021
Page No. : 106-108

# सम्राट अशोक के अभिलेखों में धार्मिक सहिष्णुता की परम्परा : आधुनिक संदर्भ में

**डॉ0 शारदा वर्मा***
*एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

धार्मिक सहिष्णुता भारतीय संस्कृति की मूल है। प्राचीन भारतीय साहित्य में धार्मिक सहिष्णुता की भावना का वर्णन वैदिक काल से अनवरत प्रवाहमान रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत सभी में धर्म से अभिप्राय धारण करने व संस्कारित करने से है। मनुष्य का प्रत्यक्ष संबंध संस्कारों से होता है। ये संस्कार व्यक्ति के आत्मनिर्माण से लेकर परिवार, समाज और विश्वनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियम पद्धति, आचार–विचार को जीवन में आत्मसात करना ही धर्म हैं धर्म शब्द धृ धातु से बना है। जिसका अर्थ है धारण करना – धारणात् धर्म इत्याहुः धर्मो धारयते प्रजा'' का यही अभिप्राय है। धार्मिक सहिष्णुता भारतीय धार्मिक परम्परा का सारतत्व है बौद्ध एवं जैन धर्म में सहिष्णुता की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। जैन धर्म में स्यादवाद व अनेकांतवाद, बौद्ध धर्म में बोधिसत्व के द्वारा 'सर्वजनहिताय' सहिष्णुता व करूणा की भावना पर बल दिया गया है। बोधिसत्त्व का शाब्दिक अर्थ है बोधि अर्थात् ज्ञान एवं सत्त्व अर्थात् सामर्थ्य, अपने ज्ञान की सामर्थ्य से जीवमात्र का कल्याण बोधिसत्त्व का आदर्श है।

'एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति', 'तत्त्वमसि', 'सर्वं खलु इदं ब्रह्म'[1], 'सत्यमेकं ब्रह्म' कहकर एक मात्र ब्रह्म की ही सत्ता को स्वीकार किया है। बृहदराण्यकोपनिषद्[2] का कथन है सत्य ही धर्म है जो धर्म है वह सत्य है– ''यो वै सः धर्मः सत्य वैतत्'' पूर्वमीमांसासूत्र, वशिष्ठ धर्मसूत्र आदि में कर्म को धर्म माना है।[3] वैशेषिक सूत्र[4] के अनुसार– ''यतोभ्युदयनिश्रेयससिद्धि सः धर्मः'' जिससे ऐहिक उत्कर्ष और परलौकिक कल्याण अर्थात् निश्रेयस की उपलब्धि हो उसे धर्म कहते हैं। 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'' – वेद में सर्वजनकल्याण व मानवीयता की भावना विकसित करना वैदिक ध्येय रहा है। रामायण में राजा के लिए विधान है कि वह प्रजा का पालन, धर्म अर्थात समदृष्टि, न्यायप्रियता और उसके ऐहिक और पारलौकिक उत्कर्ष को ध्यान में रखकर करे–

**''रक्ष्या हि राजा धर्मेण सर्वे विषयवासिनः।''[5]**
**'प्रजा धर्मेण रक्षयन्'।**

रामायण में ही धर्म को विराट, उदार, शाश्वत व सर्व ब्रह्माण्ड प्रकाशक सूर्य के समान बताया है।[6] 'आचारः परमोधर्मः' कहकर आचार व्यवहार की प्रतिष्ठा की गई है। प्राचीन भारतीय साहित्य में स्थान–स्थान पर धार्मिक सहिष्णुता के वर्णन मिलते हैं।

इसी प्रकार भगवद्गीता में ''धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे''[7] कहकर मानव के शरीर को ही कुरु अर्थात् कर्म और धर्म का क्षेत्र भी माना गया है।

वास्तव में आज का मानव स्वपरक और एकांगी सोच रखता हुआ असहिष्णुता की ओर अग्रसर है जिस प्रकार अर्जुन के सामने विपक्ष सेना खड़ी थी और वो सब उसके सगे संबंधी ही थे और युद्ध के लिए तैयार थे उसी प्रकार आज अपने ही देशवासियों में कुछ कट्टर धार्मिक उन्मादियों द्वारा जाति, धर्म, मान्यताओं रीतिरिवाजों के नाम पर आपसी विद्वेष व घृणा फैलायी जा रही है जिससे देश की एकता व अखण्डता को खतरा बना हुआ है।

इसलिए आज जरूरत है ऐसी उदारवादी सोच की जिसमें आत्मकल्याण के साथ–साथ समाज व विश्व के सभी वर्गों का कल्याण निहित हो और आपस में सद्भावना बनी रहे तभी भारत के सभी धर्मावलम्बियों में ही नहीं सम्पूर्ण विश्व में धार्मिक सहिष्णुता बनी रह सकती है– इसके लिए यही कामना की जा सकती है।

**''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तुः निरामयाः।**
**ऊँ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा''**

अर्थात् हम कानों से कल्याणकारी वचन सुने। वैदिक काल का यह राष्ट्रीय चरित्र जिसमें गुरु शिष्य दोनों अपने जीवन में और चारों ओर कल्याण देखते थे।[8]

इसी प्रकार अभिलेखीय स्रोतों से भी प्रचीन भारतीय इतिहास संस्कृति व धर्म की महत्त्पूर्ण जानकारी मिलती है। वास्तव में अभिलेख भारतीय इतिहास और संस्कृति का व्यापक स्वरूप प्रस्तुत करते हैं। भारत की परम्परा में 'इतिहास' का उद्देश्य त्रिवर्ग की सिद्धि एवं परमपुरुषार्थ को 'मोक्ष' की उपलब्धि माना–

**धर्मार्थकाममोक्षाणामुद्देश्यसमान्वितम्।**
**पुरावृत्तं कथायुक्तं इतिहासं प्रचक्षते।**

इसी आधार पर भारतीय इतिहास परम्परा प्रवहमान रही और पुराभिलेख इसके प्रतिनिधि रूप में हमारे सामने आते थे।

सम्राट अशोक के अभिलेख भी प्राचीन भारतीय इतिहास संरचना के मुख्य स्रोतों में से एक है जिनका महत्व प्राचीन भारत के राजनैतिक इतिहास के लिए ही नहीं अपितु धार्मिक इतिहास के लिए भी उपयोगी है। अशोक के अभिलेख धार्मिक सहिष्णुता एवं पारस्परिक सौहार्द का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। कला के विविध पक्षों को समेटे अशोक के अभिलेख भारतीय सांस्कृतिक व धार्मिक सहिष्णुता के ठोस प्रामाणिक तिथियुक्त साक्ष्य हैं। प्राचीन भारत की गरिमामयी एवं गौरवशाली गाथा का चित्रण करने वाले ये लेख धार्मिक सहिष्णुता व साम्प्रदायिक सद्भाव का पूर्ण परिचय कराते हैं। अशोक के कुछ अभिलेख पर्यावरण संस्कृति के परिचायक तो कुछ जनकल्याण व धार्मिक सहिष्णुता के पोषक प्रतीत होते हैं। नैतिक मूल्यों को संजोये हुए आदर्श जीवन शैली प्रस्तुत करते हैं। इनमें धार्मिक परम्पराओं, मान्यताओं और नैतिक मूल्यों के उदाहरण स्थान–स्थान यत्र–तत्र पर दिखाई देते हैं। अशोक के अभिलेखों में वर्णित 'धम्म' का वह स्वरूप है जो सभी सद्गुणों से युक्त हो जिनमें कम से कम पाप, परोपकार की भावना, दया, दान सत्य, पवित्रता, मृदुता, सज्जनता विद्यमान हो। माता–पिता बड़ों का आदर मित्रों, संबंधियों ब्राह्मणों, श्रमणों को दान–देनाप्राणियों की हिंसा न करना, उन पर दया का भाव रखना– एतद्धि धर्मापदानं धर्मप्रतिपतिश्च यदिदंदया दानं सत्यं शौचं मोद साधुता च लोकस्य एवं बधिष्यते इति। इह न किष्चिजीव आलभ्यः प्रहोत्वयः। नच समाजा कर्त्तव्यः।[10] अर्थात् जीव बलि के लिए नहीं मारा जाएगा, न हि कोई समाज किया जाएगा। वह वैदिक बलि व्यवस्था का स्पष्ट विरोध करता

है। यहाँ समाज से अभिप्राय धार्मिक सभाओं से है। वह ऐसा उपदेश या शिक्षा नहीं देता था जिसे वह स्वयं कार्य में न लाता हो। पुरामहान से देवानां प्रियस्य प्रियदर्शिनः राज्ञः अनुदिवसं बहूनि प्राणशत सहस्त्राणि आलभ्यन्त सूपार्थाय। तत अद्ययदा इयं धर्मलिपि लिखिता त्रयः एवं प्राणा अलभ्यन्ते सूपार्थाय दौ मयूरा। एकः मृगः। सोपि मृगः न ध्रुवः। एतेऽपि त्रयः प्राणान आलप्स्यन्ते।

प्रथम शिलालेख में ही कहा कि पहले भोजनालय में सहस्त्रों जानवर 'सूपार्थाय' अर्थात् सूप या व्यंजनों के लिए मारे जाते थे आज से तीन प्राणी दो मोर और एक मृग व्यंजनों के लिए मारे जायेंगे। यहाँ मयूर व मृग से अभिप्राय पक्षी समुदाय से है।[1] और भविष्य में ये भी नहीं मारे जायेंगे। तेरहवें शिलालेख में वर्णन आता है कि कलिंग युद्ध के बाद जो उसके शासन के नवे वर्ष में हुआ था जिसमें भीषण रक्तपात हुआ और उसके मन पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह एक राजा के वैभव को त्याग कर अहिंसा का पुजारी और प्रचारक हो गया तथा सामाजिक और धार्मिक सुधार में लग गया।

सम्राट अशोक ने 'सदगुणों के समुदाय को धम्म' पद धर्म का नाम दिया है जिसमें सबसे अधिक जोर प्राणियों की अहिंसा व धार्मिक सहिष्णुता पर दिया है। अनारभियों पानानं, अविहिंसा भूतानाम्'[12] उसने कहा कि इन गुणों का प्रचार दूसरों में करना धनी निर्धन सबके लिए पुण्य का कार्य है। अशोक ने धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कर्मकाण्ड के स्थान पर नैतिक मूल्यों पर आधारित विचारों को मान्यता दी। हमेशा यही प्रयास रहा लोगों में धर्म वृद्धि कैसे हो, सातवें स्तम्भ लेख में कहा है "कथं जनं धर्म वृद्धि र्वधनीयेति'[13] धर्म वृद्धि के लिए सभी को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उसने आत्म प्रतिलेखा पर बल दिया।

अशोक के बारहवें शिलालेख में धार्मिक सहिष्णुता की नीति बताते हुए कहा है– न तु तथा दानं पूजां व देवानांप्रियो मन्यते किमिति सारवृद्धिः स्यादिसि सर्वपाषण्डानाम्।[14] प्रियदर्शी राजा सब धर्मों, सन्यासियों एवं गृहस्थों को दान एवं विविध प्रकार के पूजा द्वारा आदर करता है। परन्तु दान तथा पूजा को उतना नहीं मानता जितना की सब धर्मों की सार वृद्धि को और यह सारवृद्धि कई प्रकार की है जिसका मूल है वाक् संयम (वचोगुप्तिं) यह भी कहा कि– आत्म पाषण्डे पुजा व परपाषण्तुगर्हा चन स्यात्। अर्थात् अपने सम्प्रदाय की पूजा या सम्मान तथा दूसरे सम्प्रदाय की निन्दा नहीं करनी चाहिए। हर स्थिति में दूसरों के धर्म का आदर करना लोगों का कर्त्तव्य है यदि आप धर्म का पालन करते हैं तो किसी भी अन्य धर्म का विरोध कर ही नहीं सकते। ऐसा करने से मनुष्य अपने सम्प्रदाय की अधिक उन्नति व दूसरे सम्प्रदाय का भी उपकार करता है।

रामपुरवा के षष्ठ स्तम्भ लेख तथा एलाहबाद कोसम के स्तम्भ लेख प्रथम में वर्णन आता है कि मेरा शिक्षा से लोगों का धर्म के प्रति आदर और दिन–दिन बढ़ा है और आगे भी बढ़ेगा। धर्म के अनुसार प्रजा का पालन करना, रक्षा करना, सुख देना शासन का सिद्धांत है यही गुण याज्ञवल्क्य स्मृति व विष्णु स्मृति आदि हिन्दू शास्त्रों में भी मिलते हैं।[15]

येरागुडी के अष्टम शिलालेख में अशोक के द्वारा धर्म यात्राओं तीर्थ यात्राओं को आरम्भ किए जाने का वर्णन है उसने मृगया विहार (शिकार) खेलना भी छोड़ दिया था। सभी लोग धर्म यात्रा व तीर्थ यात्रा के प्रसंग में दान दक्षिणा तथा ग्रामवासियों का धार्मिक उपदेश भी दे उसने अपने उत्तराधिकारियों को यह सलाह दे रखी थी कि शस्त्र के बल पर देशों को विजय करने की अपेक्षा उदार और परोपकारी कार्यों द्वारा पड़ोसी देशों के लोगों का हृदय जीतना ही सच्ची विजय है।

सभी सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिलजुलकर निवास करें अशोक की शिक्षाएं सार रूप में व्यवहारिक नीति शिक्षा के रूप में है और किसी विशेष आध्यात्मिक सम्प्रदाय या मत पर आधारित नहीं है। उसने सभी संप्रदायों के संयम और चित्तशुद्धि पर बल दिया हैं सप्तम शिलालेख सभी सम्प्रदायों के लोग समस्त भाग में निवास करें उनमें संयम भाव शुद्धि की कामना की है। वह ब्राह्मणों और श्रमणों में कोई भेद नहीं करता था उसके पंचम शिलालेख तथा स्तम्भ लेख से प्रकट है। उसके धर्म महामात्र आदि अनेक कर्मचारी अधिकारी शूद्र, वैश्य, ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा श्रमण, आजीविक, निग्रंथ (जैन) आदि सब सम्प्रदायों और सब वर्गों के कल्याण में लगे रहते थे। परोपकार के संबंध में वह मनुष्यों और पशुओं के बीच भी अधिक भेद–भाव नहीं रखता था। प्रथम शिलालेख में स्पष्ट निर्देश दिया कि यज्ञ में द्रव्य रूप में जीवों की बलि अर्पित न की जाए उसका मानना था बलि से वातावरण प्रदूषित होगा। मनुष्य चिकित्सा तथा पशु चिकित्सा के लिए औषधियाँ लगवाई मार्ग में मनुष्यों और पशुओं के लिए वृक्ष लगवाए व कुएँ खुदवाएं।[16]

उनकी प्रजा वत्सलता व सहिष्णुता नीति की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उसने अपने न्याय विभाग के अफसरों को ईर्ष्या, क्रोध, निष्ठुरता, जल्दबाजी, आलस्य, तन्द्रा आदि दोषों से दूर रहने का आदेश दिया था और कहा कि कारागार में पड़े हुए व्यक्ति जिन्हें मृत्युदण्ड दिया जा चुका है उन्हें तीन दिन की मोहलत दी जाए जिससे वे जीवनदान के लिए पुनर्विचार के लिए न्यायविभाग के अफसरों से प्रार्थना कर सकें, या दण्ड का रुपया भरकर मुक्ति करा सकें। मुक्ति न होने पर उनके कुटुम्ब वाले पारलौकिक सुख शांति के लिए दान, व्रत कर सकें। मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य उसने पारलौकिक सुख और स्वर्ग प्राप्ति को ही बताया है। अन्य एक धर्म लेख में उसने उन बौद्ध धर्म ग्रंथों का भी उल्लेख किया है जिनका अध्ययन करना वह न केवल गृहस्थ उपासकों के लिए बल्कि भिक्षु–भिक्षुणियों के लिए भी उचित समझता था। अशोक के अनुसार परलोक में सुख या स्वर्ग की प्राप्ति उन्हीं लोगों के लिए संभव है जो स्वयं धर्म का आचरण करते हैं या दूसरों से भी धर्म का आचरण करवाते हैं।[17] 13वें शिलालेख में उसने कहा' ये हिदलोकिस्यपललोकिक्ये'' दास भृत्यों एवं समाज के सभी वर्गों के प्रति सद्भावना एवं सद्व्यवहार को धर्म के प्रमुख तत्त्व के रूप में स्वीकार किया। औपनिषदिक वाक्य–सहनौवतु सहनौभुनक्तु सहवीर्यं करवा वहै यही भाव दृष्टिगोचर होता है। धार्मिक सहिष्णुता के प्रमाण रूप में बराबर गुहालेख में बराबर की पहाड़ियाँ में आजीविक संप्रदाय के अनुयायियों के लिए गुफाओं का निर्माण कराया इससे उसकी 'धार्मिक' सहिष्णुता व सद्भावना का पता चलता हैं सम्राट दशरथ के नागार्जुनी पहाड़ियों से प्राप्त तीन अभिलेखों में आजीवकों को गुहा–दान देने का उल्लेख है इससे प्रतीत होता है जिन धार्मिक पम्पराओं की स्थापना अशोक ने की उसके उत्तराधिकारियों के शासन काल में वो अक्षुण्ण रही। उसके धर्म की विशेषता वह था कि प्राणिमात्र में आपसी प्रेम, नैतिक मूल्यों की जागृति तथा इच्छा के अनुसार धर्म पालन में स्वतंत्रता प्रदान करना। दिल्ली टोपरा के सॉंतवें स्तम्भ लेख में धम्म महामात्रो का नियुक्ति का वर्णन है जिससे बौद्ध, ब्राह्मण, आजीवक, निग्गय तथा सभी अन्य धर्मों के अनुयायियों की सुरक्षा हो सके।[18] उसने यह भी स्वीकारा कि प्रजा से भूमि का षष्ठांश जो कर रूप में लिया जाता है वह ऋण के रूप में है और ऋण को पाटना राजा का कर्त्तव्य है जिसका अभिप्राय है राजा प्रजा की रक्षा करे। धौलीगढ़ शिलालेख में यह वर्णन आता है।[19] कि सब मेरी प्रजा है चाहे वह

किसी भी सम्प्रदाय या जाति की हो सब मेरे पुत्र के समान हैं अशोक के अनुसार धार्मिक सहिष्णुता की वृद्धि दो प्रकार से की जा सकती है एक नियम व कानून बनाकर दूसरे विचार परिवर्तन द्वारा। इस प्रकार उसका धर्म लौकिक धर्म से अलग नैतिक धर्म है।

यही समन्वयवादी दृष्टिकोण समाज सुधारक स्वामि विवेकानन्द, राजाराम मोहन राय, महात्मा गाँधी आदि चिंतकों ने भी प्रस्तुत किया। महात्मा गाँधी जी के अनुसार धार्मिक सहिष्णुता अहिंसा के सिद्धांत का ही प्रतिफल है स्वामि विवेकानन्द ने भी ऐसे सार्वभौम धर्म की बात की थी जो सभी धार्मिक सम्प्रदायों को संतुष्ट करने में समर्थ हो।

हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी धर्म आपस में जुड़े हुए हैं तथा भिन्न–भिन्न परिवेश संस्कृति व समाज के सूचक हैं। सत्य, करूणा, प्रेम, दया, अहिंसा, संतोष, शुचिता, क्षमा आदि धर्म के मूल हैं।

मनुस्मृति में भी आता है–

**धृतिः क्षमा दमोस्तेयं शौचं इन्द्रियनिग्रहः।**
**धीर्विद्यासत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्।।** मनु 6.92

यही सार सभी धर्मो का मूल है। इनके द्वारा ही सभी धर्मों में परस्पर भाई–चारा व शांति बनाई रखी जा सकती। धार्मिक उन्माद व कट्टरता समाप्त करनी हो तो इसी सहिष्णुता की भावना को सभी भारतवासियों में जागृति कर उसकी यह सोच की मेरा धर्म श्रेष्ठ तथा दूसरे का धर्म हीन (तुच्छ) है, दूर करना होगा।

इकबाल का यह कथन–

मज़हब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना
हिन्दी है हम वतन है हिन्दोस्ताँ हमारा।।

धार्मिक सहिष्णुता सभी धर्मों के प्रति उदारता की भावना को बल देती है। इसी से ही समाज में आपसी मतभेद, धार्मिक असहिष्णुता समाप्त हो– एकता व शांति स्थापित हो सकती है। आज जब लोग आपस में जाति, धर्म और प्रथाओं के नाम पर एक–दूसरे के ऊपर गंभीर टिप्पणियाँ कर रहे हैं जिसमें कुछ राजनीतिक संगठन तथा चिंतकों का विशेष वर्ग लिप्त है। जहाँ सहिष्णुता विविधता में एकता को बढ़ावा देती है। वहीं असहिष्णुता एकता से अलगाव की स्थिति पैदा करती है।

मीडिया और मिथकों पर आधारित ऐसी तथ्यहीन इतिहास, शिक्षण प्रणाली, युवाओं की सोच को दूषित कर एक–दूसरे के धर्म व जाति के प्रति घृणा व असहिष्णुता की भावना पैदा कर रहे हैं। यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि सम्राट अशोक के समय सीमित साधन होते हुए भी लोगों के कल्याणार्थ उसने 'धम्म' के प्रसार के लिए धम्मलिपि लिखवाई, धर्माधिकारियों की नियुक्ति की। तीर्थ यात्राएं व धर्म यात्राएं आरम्भ की जिससे लोगों में नैतिक मूल्यों व सद्गुणों से युक्त 'धम्म का प्रचार–प्रसार किया जा सके परन्तु आज के इस आधुनिक युग में जो Digitilization का युग है। हमें वेदादि शास्त्रों व ज्ञान परम्परा का संरक्षण व उसके कार्यान्वयन पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि इस Digital प्रणाली के माध्यम से पलभर में लिखित सामग्री (Printing material) Audio, Video भेज सकते हैं। आज के इस कोरोना काल में अनेक कार्यक्रम Conference, Workshops विधिवत जारी हैं बस इस बात पर अत्यधिक ध्यान दिया जाना चाहिए कि इन माध्यमों का प्रयोग नकारात्मक न होकर सकारात्मक होना चाहिए उसके लिए सख्त कानून भी बनाए जाने की आवश्यकता है। आज के युवाओं को बचपन से ही भारतीय संस्कृति व देशभक्ति से ओत–प्रोत जीवनियाँ व इतिहास से परिचित कराया जाए।

वर्तमान युग में जब धार्मिक असहिष्णुता भारत में ही नहीं पूरे विश्व में चरम पर है ऐसे में अशोक के अभिलेखों में वर्णित सद्भाव व धार्मिक सहिष्णुता से युक्त शिक्षा अनुकरणीय है। आज धार्मिक–असहिष्णुता व कट्टरवाद अन्तर्राष्ट्रीय समस्या बनती जा रही है और लोग एक–दूसरे के विचारों, धार्मिक मान्यताओं और प्रथाओं को सम्मान न देकर आपसी द्वेष व अलगाव पैदा कर रहे हैं जो सभी समुदायों में हिंसा व असंतोष को जन्म देती है।

आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ''अर्थात् जैसा हम स्वयं के प्रति नहीं चाहते वैसा व्यवहार दूसरों के प्रति न करें। यह सोच ही समाज व देश में एकता, सद्भाव आपसी प्रेम व शांति स्थापित कर सकती है। यदि हम वेदों में वर्णित ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' भाव रखकर संपूर्ण वसुधा को ही परिवार माने तो सभी धर्मों में आपसी सद्भाव कायम हो सकता है। इस प्रकार अशोक के अभिलेखों में वर्णित धार्मिक सद्भाव व सहिष्णुता संबंधी विचारों का अनुकरण ही भारत के साथ–साथ विश्व के सभी देश करेंगे तो सब और शाँति व भाई–चारा होगा तब भारत विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हो पाएगा।

**सन्दर्भ :**

1. एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यमग्निं यमं मातरिश्वानमा हुः। ऋ.–1, 164, 46
2. बृहदारण्यकोपनिषद् – 4.14
3. चोदनालक्षणो धर्मः, पूर्व मीमांसा – 1.12, जैमिनी व.ध.सू.–1.4.6
4. कणाद् वैशेषिक – 1.1.2
5. रामायण – 2.100.48, 1.7.21
6. 'धर्मः सनातनः' रामायण – 3.24.13
7. भगवद्गीता
8. मुण्डकोपनिषद् शांति पाठ, डॉ. जियालाल काम्बेज, पृ. 27
9. गोयल, श्रीराम, प्राचीन भारतीय अभिलेख संग्रह, 1982, पृ. 107–108
10. डॉ. शिव स्वरूप सहाय, भारतीय पुरालेखों का अध्ययन, पृ. 6
11. वही, पृ. 12
12. वही, पृ. 19
13. वही, पृ. 20
14. वही, पृ. 12
15. याज्ञवल्क्य स्मृति – 1, 122, विष्णु स्मृति–2, 7.8
16. मानसेहरा का द्वितीय शिलालेख
17. मानसेहरा का बारहवाँ शिलालेख पंक्ति–4
18. दिल्ली टोपरा का सातवा स्तम्भलेख
19. धौलीगढ़ शिलालेख चट्टान पर खुदा हुआ प्रथम अतिरिक्त शिलालेख–पंक्ति 6–7

♦♦♦

श्रीप्रभु pratibha Part-50&51, January-June-2021, pg.-05-11
R.N.I–UPHIN/2008/30056, ISSN-0974-522X, JIF-3.817

# प्राचीन आसाम के अभिलेखों में अलंकार सौन्दर्य

शारदा वर्मा

**शोध लेख सार–** प्राचीन असम में प्राप्त अभिलेखों की समृद्ध परम्परा रही है ये 5वीं शताब्दी के आरम्भ से लेकर 12वीं शताब्दी के प्रथम पूर्वार्ध तक के प्राप्त हैं जो साहित्यिक छटा से परिपूर्ण हैं। इन अभिलेखों की सरल, सरस, अलंकारिक व काव्यमय शैली तथा संस्कृत परिमार्जित व प्रवाहपूर्ण भाषा का समीक्षत्मक विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

**मुख्य बिन्दु–** पाण्डुलिपियाँ, मुद्राएँ, सिक्के एवं अभिलेख।

**तथ्य एवं तथ्य विश्लेषण–** असम के पांचवी शताब्दी के आरम्भ से लेकर बारहवीं शताब्दी के प्रथम पूर्वार्ध तक के प्राप्त अभिलेखों में संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट उदाहरण वर्णित है जो साहित्य छटा से कितने परिपूर्ण है।

**शोध प्रविधि–** प्रस्तुत शोध में वर्णनात्मक एवं समीक्षात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है।

**प्रस्तावना–** अभिलेख समकालीन इतिहास की रचना के मुख्य स्रोत व मानव संस्कृति की विशिष्ट परम्परा के द्योतक है। इतिहास के पुनर्निमाण में अभिलेखों से उपादेय तत्वों की उपलब्धि होती है। इनमें पाण्डुलिपियाँ, मुद्राएँ, सिक्के, अभिलेख प्रमुख हैं। अभिलेखों में घटनाओं का कालक्रम, महत्वपूर्ण राज वंशों का उदय, वैभव, वंशावली, तात्विक सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक ऐतिहासिक तथा साहित्यिक पक्षों को उद्घाटित कर इतिहास के पुनर्निमाण में सहायता प्रदान करते हैं।

अभिलेखों की परम्परा में अनेक साहित्यपरक अभिलेख भी मिलते हैं। प्राचीनकाल से ही अलंकृत गद्य व पद्य शैली में निबद्ध अभिलेख उदाहरणार्थ रूद्रदामा का गिरनार शिलाभिलेख, समुद्रगुप्त– इलाहाबाद स्तम्भलेख, पट्टवाय श्रेणी का मन्दसौर आदि संस्कृत साहित्य परम्परा में अपने–अपने समय के नैरन्तरय को प्रस्तुत करते हैं।

प्राचीन असम में प्राप्त अभिलेखों की समृद्ध परम्परा रही है ये 5वीं शताब्दी के आरम्भ से लेकर 12वीं शताब्दी के प्रथम पूर्वार्ध तक के प्राप्त हैं जो साहित्यिक छटा से परिपूर्ण हैं। इन अभिलेखों की शैली सरल, सरस, अलंकारिक व काव्यमय है। भाषा संस्कृत परिमार्जित व प्रवाहपूर्ण है। उपमालंकार सर्वाधिक चमत्कारपूर्ण अर्थालंकार है जो विविध हाव–भावों के साथ काव्य के सौन्दर्य में वृद्धि करता है। आसाम के

लेखों में भी पूर्णोपमा व लुप्तोपमा दोनों भेदों का प्रचुर प्रयोग मिलता है। श्रवणमात्र से ही सादृश्य की प्रतीति कराने वाली श्रोती पूर्णोपमा के अनेक उदाहरण द्रष्टव्य हैं। भास्कर वर्मन के दुबी ताम्रपट्ट अभिलेख के 'व्यालरत्नोपसेषितः' अंश में पूर्णोपमा अलंकार है इस में व्याल का अर्थ सर्प है। परन्तु यहाँ इस का अर्थ समुद्र लिया है अगाध, स्वच्छ गंभीर शीतल, सर्प व रत्नों से युक्त समुद्र के समान वह राजा भी था।[1] ''यमीगंगा संगोच्छलित जलकल्लोलवहलः'' भाग में समास युक्त उपमा द्रष्टव्य है।[2] वनमाल के तेजपुर ताम्रपट्ट अभिलेख में ''दिवाकरायितं'', भाग में उपमा है। जिस प्रकार सूर्य अपनी रोशनी से अंधकार नष्ट करता है उसी प्रकार राजा ने युद्ध क्षेत्र में शत्रुओं को नष्ट किया[3] अन्य अनेक स्थानों पर बड़े ही सुंदर ढंग से राजा की प्रसिद्धि की तुलना चन्द्रमा तथा महान पुरुषों से की है।[4] 'तारकाप्रकरायितं[5]' अंश में क्यण्प्रत्यय के कारण लुप्तोपमा है। शिव के सिर पर धारण किया हुआ जल जो कि तारकसमूह के समान प्रतीत हो रहा है तथा रेचक वायु द्वारा इधर उधर फैलाया जा रहा है। ऐसा गंगा का जल तुम्हें पवित्र करे इसमें वाचक शब्द इव छिपा हुआ है गंगा का जल-उपमेय, तारक-उपमान है। इसी प्रकार 'धवलीकृत शब्द में रूपक की छटा दर्शनीय है इस में उपमान व उपमेय के गुणों का साम्य होने से इस में राजा व चन्द्रमा दोनों का आरोप है[6] इसी प्रकार 'घटाध्वान्तोरूसंहति' शब्द में सूर्य व राजा दोनों का आरोप है यह श्लिष्ट शब्द निबंधन परम्परित रूपक राजा में सूर्यत्व के आरोप का कारण है[7] 'सुरगुरुरिप वाप रैः, में उत्प्रेक्षा द्वारा सुरगुरु की कल्पना राजा में की है[8] 'कान्तामुखैबहुविधाविव, भाग में वाच्योत्प्रेक्षा द्वारा प्रस्तुत स्त्री मुख की संभावना अप्रस्तुत चन्द्रमा तारे से की है।[9]

अनेक अतिश्योक्ति पूर्ण वर्णन भी काफी मात्रा में पाए जाते हैं। उदाहरण के लिए भास्करवर्मन के दुबी ताम्रपट्ट अभिलेख में एक स्थान पर अनेक सामन्तों के मणिजडित मस्तक झुकने से जिस के चरण स्थल कमल की शोभा को धारण किए हुए हैं तथा जिस ने अपनी आत्मा को जीत लिया है।[10]

भास्करवर्मन के लेख में एक स्थान पर 'जयति' का प्रयोग है जिस का अर्थ प्रणाम Salute किया गया है। आचार्य मम्मट ने काव्य प्रकाश के मंगलाचरण में इसका प्रयोग किया है। धर्म को परहित मूर्ति बताया है दूसरों के लिए परोपकार करने वाला। पी.सी. चौधुरी के अनुसार इन शब्दों के द्वारा शिव के प्रति भक्ति दिखाई है।[11] इसी प्रकार राजा को चन्द्रमा से सुंदर व कलंक रहित बताते हुए 'श्री मृगांक', व्यतिरेक अलंकार द्वारा बताया है।[12]

साहित्यिक दृष्टि से सुंदर शैली में निबद्ध अलंकारिक छटा से परिपूर्ण रत्न पाल के बरगाँव लेख से ज्ञात होता है कि लेखक को शब्दकोष का ज्ञान तथा व्याकरण पर पूर्ण अधिकार था। दंडी, सुबन्धु व बाणभट्ट का स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर होता है उदाहरण- तत्रा च जड़ता हारयष्टिषु न इन्द्रियेषु, चंचलता हरिषु न मानसेषु,

भघ्रगुरता भ्रूविभ्रमेषु न प्रतिपखेषु, सोप सर्मता धातुषु न प्रजासु,

इस में परिसंख्या अलंकार द्वारा सामान्य जन-जीवन का अत्यंत सरल व काव्यात्मक वर्णन किया गया है[13] अर्थात् दुर्जय शहर में जडता हारों में थी लोगों में नहीं, चंचलता बंदरों में थी लोगों की बुद्धि में नहीं।

रत्नपाल के बरगाँव लेख के शार्दुलविक्रिडित छंद में निबद्ध ''सोवश्रीव, शब्द से व्याकरण पर अधिकार का पता चलता है। पाणिनी (7-3-3) के अनुसार इसका अर्थ ऐसा घोड़ा जो उत्तम गुण युक्त युग्म से उत्पन्न है।[14] महाकवि दण्डी के काव्यादर्श से साम्य रखता हुआ वर्णन भास्कर वर्मन के दुबी ताम्रपट्ट में मिलता है। अलंकृतैः सुललितपदं सर्व्वमार्ग्गकवित्वं मार्गों का उल्लेख का वर्णन आता है।

दुबी ताम्रपट्ट लेख में ही सुन्दरियों की सरल व सुंदर स्वाभाषिक वर्णन का उदात्त अलंकार में वर्णन है- 'समदसुन्दरीस्मितसुधाध्वलितं'[15] गोपाल वर्मन के लेख में 'राज हंसैगगनतलगाय'[16] भाग में अभिजात्य गुण द्रष्टव्य है आसमान राज हंसों से ढक गया जो दो वर्णों से सुशोभित है'' श्वेत और रक्त वर्ण। इस में रक्तवर्ण परिवार के अभिजात्य गुण का तथा श्वेतवर्ण प्रसिद्धि का द्योतक है उदारता, माधुर्य, शौर्य, प्रसाद आदि गुणों में निबद्ध मालिनी छंद भावानुकूल व विषयानुवर्ती है।

होमधूमवलयेवियद्गतेय ज्वनांध्रतुषुकालिकाभ्रमात्।
यत्राडम्बरकाण्डताण्डवेतनुरून्मुखशिखाशिखाण्डिनः।।[17]

अर्थात् ब्राह्मणों के द्वारा किया हुआ विजयी यज्ञ का धुआ आकाश में चारो और फैल गया है जिसे मयूरों ने काले बादल समझकर नृत्य करना आरम्भ कर दिया यहाँ पदलालित्य दर्शनीय है।

रत्नपाल के सुवाकुची लेख में शब्दशक्ति मूल का सुंदर उदाहरण दृष्टव्य है।[18] इस में भगवान कृष्ण व ब्राह्मण वासुदेव की समानताश्लिष्ट शब्दों में बताई है वासुदेवराजा भट्टबलदेव का पुत्र है। यहाँ वासुदेव का अर्थ भगवान कृष्ण तथा प्रविकसित-कमलनयन का अर्थ बलदेव पुत्र अर्थ में खिले हुए कमल के समान नेत्र वाला, भगवान कृष्ण के अर्थ में 'पुण्डरीकाक्ष' कृष्ण के दूसरे नाम का द्योतक है।

भास्करवर्मन के निधनपुर लेख में 'पार्थिवविन्दारकों' के समान रामायण के किष्किन्धाकाण्ड, मनुसंहिता तथा समुद्रगुप्त के इलाहाबाद लेख में वर्णन साम्य प्रतीत

होता है। ताम्बुल शब्द का आसाम के सांस्कृतिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है उत्तरवराविललेख का वर्णन मेघदूत से साम्य रखता प्रतीत होता है–

तम्बूलवल्लीप रिणद्धपुगं......... निवेशितेलं।।5।। पृ 124

ताम्बूल वल्लीप रिणद्धपूगाश्वेलालतालिंगित चन्दनासु।। मेघदूत 6.64

इसी अभिलेख के अनेक वर्णन प्रसंग रघुवंश के वर्णनों से मेल खाते हैं तथा महाकवि कालिदास को वैदर्भी शैली व भावों का स्पष्ट प्रभाव स्थान-स्थान पर दिखाई देता है। लेखों में कल्पनाशक्ति का सहारा भी लिया गया है। भास्कर वर्मन के लेख में भास्करवर्मा की वीरता की तुलना मृग की ऊँची कूद से की है।

इन्द्रपाल के गोदावरी लेख के मंगलाचरण का श्लोक मुद्राराक्षस के मंगलाचरण से मेल खाता प्रतीत होता है। के. एल. बरूआ के अनुसार विशाखादत्त ने यह श्लोक अवन्तिवर्मन के शासनकाल में लिखा प्रतीत होता है। इस में भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान गंगा को देखकर पार्वती को ईर्ष्या हो रही है और वह कहती हैं मैं गंगा को छोड़कर खेल में जीती हुई सब वस्तुएँ वापस करती हूँ। यह वर्णन साम्य शार्दूलविक्रिडित छंद में निबद्ध है।

इस प्रकार असम के अभिलेखों में संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट उदाहरण वर्णित है ये अभिलेख पांचवी शताब्दी के आरम्भ से लेकर बारहवीं शताब्दी के प्रथम पूर्वार्ध तक के प्राप्त होते हैं जो साहित्य छटा से परिपूर्ण है। कहीं पर व्याकरणात्मक त्रुटियाँ होते हुए भी वर्णन सरल, अलंकारिक, छंदोबद्ध व काव्य मय है शब्दालंकारों का प्रयोग अतिश्योक्ति, विरोधाभास, तुल्योगिता, व्यतिरेक, विषम, परिसंख्यण, अनुप्रास संदेह आदि अलंकारों का प्रयोग किया गया है। उपमामूलक अलंकार काफी मात्रा में विद्यमान ही है इस समय के साहित्यिक गद्यांश व पद्यांश कालिदास, दण्डी, वाण आदि के उच्च कोटि के गद्य के मध्य एक कडी का काम करते हैं भाषा साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध व विकास की ओर अग्रसर  थी। इस प्रकार आसाम के अभिलेख संस्कृत साहित्य की समृद्ध परम्परा के द्योतक है।

**संदर्भ सूचीः-**


1. अगाध स्वच्छगम्भीरोव्यालरत्नोप सेवितः महत्वार्च्छेत्य योगाच्चतुल्योज लधिनानृप ः।।12।।
Inscriptions of Ancient Assam : Sharma Mukund Madhav, L-12, p. 13, Ins-3
2- Ibid – V-II, p. 260
3- Ibid – V-18, p. 98
4- Ibid – V-II, p. 90-91, V-15, p. 131, V. 9, p. 209
5- सपुनातुपिनाकी वो यच्छीर्षे स्वर्धुनींजलं। कीर्णरेचकवातेन तारकाप्रकरायि तं।।21।। p 97 Ibid.
6- Ibid यस्य य शः शशिनेदं भुवनं धवलीकृतं विलोक्य दृशा।।27।। p. 99
7- Ibid – V-18, p. 98
8- Ibid – V-15, p. 155

9- Ibid – V-4, p. 258

10. प्रणतानेक सामन्तशिरोमणि शिखारूपणौ स्थलपद्मादी यन्धत्त पादौ यस्य (जि ) तात्मनः ।।48।।] V-4, p. 258, Sharma, Mukund Madhvi :Inscriptions of Ancient Assam, p. 16

11.जयति जगदेकबन्धुर्लोकद्वितय स्यसम्प दो हेतुः। परहितमूर्तिरहष्ट फलानुमेय स्थिति धर्म्मः।।3।।Ins9, p.4

12. नृपादकलघ्रक श्री मृगाघ्रकोभूत ।।17।। p. 42

13. Ibid – L-40-41, p. 158

14- Ibid – Ins – 13, V-1, p. 154-155

15- Ibid – V-14, p. 19, Ins – 3

16- Ibid – Ins – 13, L-31-32, p. 154

17- Ibid – V-10, p. 259

18. आसीत् प्रतिहतनरकोबहुविबुधवन्धमान चरणयुग्मः।
प्रविकसित कमल नय नस्तत् पुत्रो वासुदेवाखयः।।17।। Ibid – V-17, p. 175

**डॉ0 शारदा वर्मा**

**एसोसिएट प्रोफेसर,**

**जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।**

श्रीप्रभु pratibha Part-52&53, July-December-2021 pg-05-08
R.N.I–UPHIN/2008/30056, ISSN-0974-522X, JIF-4.781, UGC47966

# भारतीय संस्कृति में वर्णित तांत्रिक तत्वों की आध्यात्मिक समालोचना

शारदा वर्मा

भारत देश की सभ्यता एवं संस्कृति प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है जो सारे विश्व को शान्ति का उपदेश देती है। विश्व संस्कृति में एकता के संदेश-वाहक सूत्र- माता हि भूमिः पुत्रोऽहंपृथिव्याः, त्यागपूर्वक उपभोग सूत्र - तेन त्यक्तेन भुञ्जीथामा गृधः कस्य स्विद्धनम्, वसुधैव कुटुम्बकम्' आदि के कारण ही संस्कृत पर आधारित भारतीय संस्कृति भारत को विश्व गुरु पद प्राप्त कराती है। अमृतत्व की उत्पादिकता देववाणी संस्कृत पर पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अनेक प्रशंसनीय अनुसंधान कार्य किए गए तथा आज भी भौतिकवादी पश्चिमी देश विज्ञान के नए रहस्यों को जानने के लिए वेद, उपनिषद्, पुराण आदि को संजीवनी मानकर आधुनिक युग से जोड़ने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर रहे हैं जिनमें डॉ. रिक् ब्रिग्स, व्यास, डेविड प्रभृति विद्वान तथा C-DAC, SANSK.NET, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ तिरूपति आदि संस्थाएँ प्रमुख हैं, आवश्यकता है संकीर्ण भावना व रूढ़िवाद को त्यागकर आधुनिक विज्ञानमूलक दृष्टिकोण अपनाए जाने की।

निःसंदेह विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य, दूरसंचार आदि अनेक क्षेत्रों में क्रांतिकारी आविष्कार हुए हैं। और इस के कारण व्यक्ति को भौतिक सुख सुविधाएँ प्राप्त हुई हैं। परन्तु सात्विक चिंतन, भावनात्मक एकता एवं आध्यात्मिक चिंतन के अभाव में ये सब वास्तविक ज्ञान न होकर मात्रा सूचनाएं हैं।

भारतीय संस्कृति और विकास को समझने के लिए वेदों, ब्राह्मणों व पुराणों को समझना अत्यावश्यक है। कहा है- 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' 2/6 स र्वज्ञानमयो हि सः। 'पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणास्मृतम्'। इति (मा.पु. 4.3.3) इनमें ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म एवं भौतिक जीवन की विविध शिक्षाएँ सूत्र रूप में भरी पड़ी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि भारतीय संस्कृति स्वभावतः प्रगतिशील व परिवर्तनशील है। परन्तु कुछ रूढ़िवादी व साम्प्रदायिक दृष्टि के लोग गूढ़ज्ञान परक व्याख्या न करके, उस के मौलिक अभिप्राय को न समझकर शब्दपरक व्याख्या करते हैं। 19वीं शताब्दी के आरम्भ में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वेदों के आध्यात्मिक अर्थ की और विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया।[1] जिस से प्राचीन

साहित्य को नई दृष्टि से देखा जाने लगा इस परम्परा में अनेक प्रतीकार्य प्रस्तुत किए गए जैसे- वेद में इन्द्र को मनः शक्ति माना है।[2]

शक्ति को विष्णु पुराण में विष्णु से उत्पन्न बताया है जो कि यशोदा की पुत्री के रूप में जन्म लेकर भविष्य में होने वाली घटना का संकेत करती है। अन्य पुराणों में देवी की उत्पत्ति को उमा के क्रोध से उत्पन्न माना है।[3] महाभारत में देवी की उत्पत्ति नन्द गोप के कुल यशोदा से ही उत्पन्न मानी गई है।[4]

यहाँ यह कहा जा सकता है कि देवी की उत्पत्ति का उद्देश्य कृष्ण की रक्षा एवं राक्षसों का विनाश करना था इसी को ब्रह्म पुराण में तीनों लोकों की जननी कहा गया है- त्रिजगतां जननी बभासे।

विष्णु पुराण के अनुसार यह शक्ति विष्णु भगवान के द्वारा निमित्त की गई माया शक्ति थी- विष्णु प्रयुक्ता महामाया वैष्णवामोतिंय या।[5] उपनिषद् साहित्य में ''हिरण्य मयेन पात्रेण सत्य स्यापि हितंमुखम्'' आया है। इस सोने के पात्र से अभिप्रायः विद्या, मोह व प्रेय है। अथर्ववेद में 'राम' शब्द रोग निवारक औषधियों के लिए भी आया है।[6] ब्राह्मण ग्रंथों में यज्ञ से संबंधित हर पदार्थ को किसी प्राकृतिक या दिव्य घटना का प्रतीक माना है। पशुबलि में वास्तविक पशु के स्थान पर अन्न का पशु बनाकर बलि देने की प्रथा थी इस प्रतीकात्मकता ने ही परवर्ती विचारकों के लिए कर्मकाण्ड व ज्ञान काण्ड में सामंजस्य स्थापित करवाया। इसी प्रकार पुराणों में भी बलि का विधान है। जहाँ बलि के प्रतिरूप में बलि पशु की प्रतिमा घी, पूआ तथा यक्चूर्ण की बनाने का वर्णन मिलता है[7]

कृत्वा घृतमयं व्याघ्रं नरंसिंह च भैरव।

अथवाऽपूप विकृतं य वक्षोदमयं च वा। घातयेत् चन्द्रहासेन तेनमोंण संस्कृतम्।।

इसलिए इससे यह अभिप्राय हो सकता है कि आसुरी प्रवृत्ति के लोग उसे मदिरा, माँस आदि से पूजते हैं। जिससे उन्हें आसुरी शक्तियाँ प्राप्त होती हैं तथा देवी प्रकृति के लोग इन्हें गंध पुष्प आदि सात्विक पदार्थों से पूजा करते हैं जिस से इन्हें सात्विक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। इस तरह यज्ञ में बलि से यह अर्थ भी हो सकता है- इन्द्रियों के विकार रूपी प्रबल शत्रु की बलि न कि पशु विशेष की।

मार्कण्डेय पुराण में वर्णित रक्तबीज उपाख्यान देवी महात्म्य आख्यान का एक अंश है।[8] इस उपाख्यान में सप्तमातृकाओं का उल्लेख, देवताओं का भय तथा चामुण्डा द्वारा रक्तपान आदि का वर्णन है। इस में काली अर्थात् विषय में अप्रियत्व तथा हीनत्व असौन्दर्य की भावना जब उक्त अभव्य भावना को मुखस्थ कर लेती है तब

जैसे भुने हुए बीज से अंकुर पैदा नहीं होता वैसे ही उक्त भावना से हीन विषयोभोग से विषयाभिलाषा का जन्म नहीं होता फिर बुद्धि रूपी शास्त्र के प्रयोग से विषय की अभिलाषा समाप्त हो जाती है। यही है देवी के हाथ रक्त बीज का वध। इसी प्रकार दुर्गा सप्तशती की मातृमहिमा प्रकाशिनी टीका में श्रीपाद्पद्माश्रित ने रक्तबीज उपाख्यान का आध्यात्मिक दृष्टि से महत्व बताया है।[9] उनके अनुसार जैव वासना जनित अस्वाभाविक कर्म बीज संस्कार ही रक्तबीज का स्वरूप है रक्तबीज का रक्त जब पृथ्वी पर गिरेगा तो प्रत्येक बिन्दु से वासना जनित नवीन संस्कार उत्पन्न होगा तथा नवीन रक्तबीज की उत्पत्ति होती रहेगी। इस लिए व्यक्ति को इस का तात्विक अर्थ ग्रहण करना चाहिए न कि सांकेतिक।

इसी प्रकार कालिका पुराण में वर्णित त्रिपुरा को देवी माहेश्वरी कामाख्या भी कहा है। त्रिपुरा इस लिए क्योंकि जब साधक साधना द्वारा कामाख्या आकृति का ध्यान करता है तो उसे धर्म, अर्थ और काम तीन वस्तुएं प्राप्त होती हैं। त्रिपुर बाला (युवती रूप) तथा त्रिपुर भैरवी (भयानक रूप) दो रूप माने जाते हैं। त्रिपुर बाला की दक्षिण भाव व वामभाव दोनों विधियों से पूजा की जाती है। त्रिपुर भैरवी की वाममार्गी ही पूजा करते हैं।[10] तथा मद्य माँस समर्पित करते हैं मत्स्य पुराण में इसे 'मांस गा' नाम भी दिया गया है। महाभारत में इसे मदिरा-माँस में रूचि रखने वाली कहा है।[11] वाम मार्ग उपासना में ही मद्य, माँस, मीन, मुद्रा और मैथुन इन पाँच आध्यात्मिक मकारों का वर्णन है सात्विक सिद्धियाँ प्राप्त करने के लिए इनकी व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है।

**मद्य** - मद्य से अभिप्राय सुरा न होकर शिव शक्ति के संयोग से उत्पन्न अमृत्व रूपी मद्य से है। योग-साधना द्वारा सच्चिदानन्द परब्रह्म में विलय होने पर जो ज्ञान उत्पन्न होता है उस ज्ञान रूपी मद्य का पान करना ही मद्य पान है। ''तंत्र तत्व प्रकाश' में आता है कि जो सुरा सहस्त्रार कमल रूपी पात्र में भरी है और चन्द्रमा कला सुंधा से स्त्रावित है वही पीने योग्य सुरा है ये व्यक्ति के दुर्गुणों का नाश कर देती है।

**माँस** - विवके रूपी तलवार से काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि पाश्विक वृत्तियों का संहार कर उनका भक्षण करने को ही माँस कहा गया है विवेकी व संयमी मनुष्य कभी भी किसी का माँस भक्षण कर पापी नहीं बनते अपितु दूसरे प्राणियों को सुख देने वाले निर्विषय तत्व का भक्षण करते हैं।

**मत्स्य** – इन्द्रियों का वशीकरण, दुर्गुणों का त्याग, साम्य भाव की सिद्धि और योग साधना में रहना ही मत्स्य भाव है। इनका गूढ़ अर्थ व समझकर मत्स्य के द्वारा पूज न करना तो अर्थ का अनर्थ होगा और साधना क्षेत्र में एक कुप्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। मत्स्य से अभिप्राय ईड़ा-पिंगला नाडी से भी हो सकता है। जिस में साधक प्राणायाम द्वारा श्वास-प्रश्वासों को रोकर कुंभक करते हैं जिन्हें यथार्थ में मत्स्य साधक कहा जाता है।

**मुद्रा** – आशा, तृष्णा, निंदा, भय, घृणा, अभिमान, लज्जा, क्रोध इन आठ कष्टदायक मुद्राओं को त्यागकर ज्ञान की ज्योति से अंतर्मन का प्रकाशित करना तथा इन मुद्राओं को ब्रह्म रूप अग्नि में पकाकर आचरण में लाना ही मुद्रा है।

**मैथुन** – मैथुन से अभिप्राय सांसारिक व्यवहार न होकर मूलाधार चक्र में स्थित सुषुप्त कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत कर सहस्त्रार चक्र में स्थित शिवतत्व के साथ संयोग, मुक्त आत्माओं का मैथुन कहा जा सकता है।

जिस प्रकार गीता तत्वज्ञानी के लिए ज्ञान योग (ब्रह्म विद्या) का तथा संसारी लोगों के लिए कर्म योग है। उसी प्रकार तांत्रिक तत्वों का आध्यात्मिक व वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन करें तो तंत्र चमत्कारिक ज्ञान ही नहीं देते बल्कि ज्ञान मार्ग व आत्मज्ञान का अनुभव कराकर उसे 'निर्वाणत्रचमनोलयः'[12]
अर्थात् पूर्ण ब्रह्ममय प्राप्त कराते हैं।

सन्दर्भ–


1. दयानन्द दर्शन – डॉ. वेद प्रकाशगुप्त, पृ. 3
2. वेद रहस्य – इन्द्रदिव्य प्रकाश का प्रदाता, पृ. 3
3. मत्स्य पुराण
4. यशोदा गर्भ संभूतां – नन्दगोपकुले जाता। महाभारत वि.पर्व. 6/2-3
5. विष्णु पुराण – 5/1/70
6. 1/2.स . – 1.5.2
7. का. पु. – 67/53-54
8. मा.पु. – 81-93
9. दुर्गासप्तशती – श्री पा.प . – पृ. 221
10. का.पु. – 63/53-54
11. काल कालीन महाकालि साधुमांस पशुप्रिये. मद्य. वि. प र्व 6/17
12. का.पु. – सालोक्य, सारूप्य, सायुज्य और निर्वाण को मुक्ति के चार प्रकार माना हैं।



**डॉ. शारदा वर्मा**
**एसोसिएट प्रोफेसर,**
**जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

# कलचुरि अभिलेखों की भाषा शैली की महाकवि बाणभट्ट की शैली से साम्यता

✍डॉ. शारदा वर्मा

अभिलेखों का एक पक्ष उनकी साहित्यिक छटा है। अभिलेखों की लम्बी परम्परा में हमें अनेक साहित्य–परक अभिलेख मिलते हैं। प्राचीन काल से ही अलंकृत गद्य–पद्य शैली में निबद्ध अभिलेख संस्कृत साहित्य परम्परा में, अपने–अपने काल में कडी का काम करते हैं अभिलेखों को साहित्य का अविभाज्य अंग कहे तो अत्युक्ति नहीं होगी। अभिलेख रचना का उद्देश्य साहित्यिक कम तथा किसी घटना विशेष को उल्लिखित करना अधिक था परन्तु हमें मात्र साहित्यिक दृष्टि से लिखे गए अभिलेख भी प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार कलचुरी अभिलेखों का वर्ण्यविषय, तत्कालिक घटनाओं का वर्णन, साहित्यिक वातावरण से प्रभावित है। उनमें से कुछ शुद्ध प्रशस्तियाँ अच्छे कवियों की रचनाएं हैं।

कलचुरि वंश के ताम्रपत्रों व प्रस्तरलेखों से उनके महान साहित्यानुरागी होने का पता चलता है। कलचुरि शासकों की उदारता एवं साहित्य के प्रति विशेष रूझान का अनुभव करने के बाद ही सुदूर प्रान्तों से संस्कृत–प्राकृत आदि के विद्वान उनके राज्य में आते थे। कलचुरि अभिलेखों में वर्णित मायुराज, राजशेखर आदि प्रमुख कवि हैं। 'मायुराज' को राजशेखर ने कलचुरी नरेशों का श्रेष्ठ कवित माना है–(1)

''मायुराजसमो नान्यो जज्ञे कलचुरिः कवि;।''

मायुराज ने कलचुरि राज्यकाल में 'उदात्तराघव' और 'तापसवत्सराज' दो संस्कृत नाटकों की रचना की थी यद्यपि ये मूल रूप में अनुपलब्ध हैं किंतु इनका संदर्भोल्लेख संस्कृत साहित्य में मिलता है।(2) इसी प्रकार राजशेख सुप्रसिद्धकवि एवं नाटककार त्रिपुरी के कलचुरियों की राज्य सभा का सर्वोत्कृष्ट साहित्यकार था।(3) राजशेखर के पूर्वज चेदि दरबार में उन्नत पदों पर थे। बिल्हण, कर्पूर, नचिराज विद्यापति, गंगाधर आदि का कलचुरि राजाओं के काल में सम्मानित कवि माने गए हैं।

कलचुरि राजाओं के समकालिक साहित्यकार सामान्य रूप से भट्टि, भामह, दण्डी, बाणभट्ट को ठहराया जा सकता है यह संभव है कि भामह की आचार्य साधना छठी सदी के अंतिम प्रहर से आम्भ हुई हो, परन्त उसकी आचार्य पद प्रतिष्ठा सातवीं सदी के प्रारम्भ से मानना ही तर्क संगत है।

छठी शताब्दी का गद्य पाँचवी सदी के गद्य से अधिक परिष्कृत और सुसंयत प्रतीत होता है। यह अभिलेखीय ग्द्य सुबन्धु एवं बाण के लिए शब्द और अर्थ के कौशल प्रदर्शन की एक सीमा निर्धारित करता दिखाइ देता है। उस समय के अभिलेखों में कवि वर्ण शब्द और पद–योजना में

ISSN – 2349-3100

तत्कालीन प्रचलित काव्य मान्यताओं की सुरक्षा करते दिखाई देते है। पाँचवीं सदी के व्याघ्रसेन के लेख को हम समासों की अतिशय योजना से बोझिल पाते हैं।

सातवी शताब्दी संस्कृत गद्य की समृद्धतम सदी है इस शताब्दी का आरम्भ ही गद्य के इतिहास में एक क्रान्ति की घोषणा है। बाणरचित हर्षचरित से भी यह मत प्रमाणित किया जा सकता है।(4) इस प्रकाश दण्डी की वैदर्भी, सुबन्धु की गौड़ी और महाकवि बाणभट्ट की पांचाली रीति ने सांतवी शताब्दी को गद्य को उत्कृष्ट शिखर तक पहुँचा दिया था। इस त्रिविध, गद्य की त्रिपथगा में समकालीन अभिलेखीय कवि क्यों न मज्जन करते। यदि 609 ई0 कलचुरि राजा बुद्धराज के सरस्वनि शासन पत्र से अध्ययन आरम्भ करे तो अभिलेखीय गद्य को एक नए धरातल पर पाते हैं। प्रकृत के उपदानों का उपमान रूप में ग्रहण करके इस लेख का गद्य शिल्पी विशेष्यों से पहले विशेषणों की एक दीर्घ परम्परा प्रदर्शित दिखाई देते है। प्रारम्भ में ही करच्चुरिवंश की विशालता को प्रदर्शित करने के लिए उसके उपमान स्वरूप शरदगगन को निर्वाचित किया गया है। तदनन्तर विविध पुरूषरत्नों के गुण किरणों से उद्भाषित महसत्वों के आश्रयभूत दुर्ल्लंघ्य गंभीर और स्थित्यनुपालक, इस वंश का साम्य महोदधि से स्थापित किया गया है। इसके पश्चात् कुलकुमुदविबोधन चन्द्रमाकृष्णराज से रजवंशावलि का पौराणिक संदर्भो से पुट अलंकारिक एवं समासप्रचुरवर्णन प्रारम्भ हो जाता है।(5)

इस दृष्टि से अनेक उदाहरण इस सदी में लौकिक और अभिलेखीय गद्य अपनी प्रवृत्तियों के कारण समानान्तर से चलते दिखाई देते हैं।

गुर्जर दद्द प्रशान्तराग का केरा लेख (628 ई0) (6) स्पष्ट रूप से कादम्बरी गद्य के समान दृश्य उपस्थित करता है यद्यपि इस समय कादम्बरी प्रणयन तो दूर रहा बाण भी शायद उसके वाक्य विन्यास और श्लेषपुष्ट उपमाओं के कारण अवश्य प्रभावित हुआ होगा। यह अभिलेख कथा–आख्यायिकाओं का प्रतिस्पर्धी बन सकता है–

कौस्तुभमर्गिरिवविमलयशोदिधिति निकरविनिहतकालितिमिरनिचय सत्पक्षोवैनतेयक्ष्वाकृष्टशत्रुनागकुलसतति: उत्पत्ति इव दिनकर–चरणकमल प्रणामापनीताशेषदुरितनिवह: सामन्तदद्द:''

निरन्तर शैलीगत वैविध्य इस लेख की असाधारण विशेषता के कुछ पंक्तियों के पश्चात् वाक्ययोजना को नया मोड दे दिया जाता है। जिससे शैली में नवीनता आ जाती है।

यस्य प्रकाश्यते सत्कुलंशीलेन, पृभुत्वमाज्ञयाशस्त्रभरति– प्रणिपातेन, कोपो निग्रहेण प्रसाद: प्रद्वनैर्द्धम्मे देवद्विजातिगुरू जिनप्पिर्यति'।(7)

इसी प्रकार कोमलकांत पदावली से परिपूर्ण शूद्रक का विश्वदेवममत्व प्रतिपादक प्रकरण में समानता प्रतीत होती है।

 ISSN – 2349-3100

यश्च मनसि धर्मेण, कोपेयमेन, प्रसादेधनदेन, प्रतापेवहिना भुजेभुषा, हशिक्षिया, वाचि सरस्वत्या, मुखे शशिना[8]

इसी प्रकार– वसन्तसमयोवसंतसमयस्येव प्रविकसितनिविडचूततस्वनाभोगः सरसइवकमलनिवहः कमलनिवहस्येव''[9]।

महाकवि बाणभट्ट की रशेनोपमा का यह उदाहरण इससे मिलता–जुलता है–

'वपुषि वसंत इव मधुमासेन, मधुमास इव नवपल्लवेन, नवपल्लव इव कुसुमेन, कुसुमइवमधुकरेण[10]

इस प्रकार के अनेक वर्णन साम्य हम कलचुरि अभिलेखों तथा बाणभट्ट की कृतियों में मिलते हैं। कवि समय सिद्धि का सुंदर उदाहरण युवराज द्वितीय के बिलहरी प्रस्तरलेख में मिलता है जिसमें स्त्रियां की अँगुलियों को कोरल के समान बताया है–[11] ''चयविचलद्वधाूकराग्रद्विगुणितविद्रुमपल्लवा व (ब) भूवुः

रत्नदेव द्वितीय के खरोद प्रस्तरलेख में साहित्यिक शैली का अपूर्व उदाहरण जिसमें उस समय के संस्कृत भाषा पर पूर्ण अधिपत्य का पता चलता है।

'संस्कृतारिपद न्यासवैचित्री चित्तदायिनी।
जिह्वारङगाङ्गणे यस्य नरिनर्ति (सरस्वती)

कैरा अभिलेख की शैली अलंकृत काव्य शैली का उत्कृष्टतम उदाहरण है। यह सम्पूर्ण लेख गद्य में है। इसके प्रशंसात्मक भाग परिष्कृत व उत्कृष्टतम शैली शब्द विन्यास एवं समास बद्धता को देखकर क्षणभर के लिए बाणभट्ट के गद्य की तस्वीर सामने आ जाती है–[13]

'प्रविकाशतानिविडचूततश्वानाभोगः सरसइव कमल निवह, कमल निवहस्येव प्रबोधः महाविषधारस्येव मणिः मणेरिव स्वच्छतारभावः'

इसका एक अन्य उदाहरण व्याषुसेन का सूरत शासनपत्र भी है इस गद्य में एक विशेषता यह है कि कतिपय स्थलों पर वाक्यांशों की समाप्ति पर प्रयुक्त शब्दों के दोहराव से भी नए वाक्यांश का प्रारम्भ किया गया है।

–भगवत्पादकर्म्मकरः करगतकभागतस्फीतापरान्तादिदेश
–स्ववङ्शां(वंशा) लंकारभूतः प्रभूतप्रवीरसाधानाधिष्ठितः
–स्थिरप्रकृतिः प्रकृति मनोहरजनः

इस प्रकार अभिलेखों की भाषाशैली बाद की काव्यात्मक शैली से मिलती जुलती है।

इस प्रकार कलचुरि राजाओं के साहित्यानुरागी होने के कारण तथा उस समय के शिक्षित व उच्च कोटि के साहित्य कलाकारों के कारण कलचुरि अभिलेखों में अलंकारिक छंदोबद्ध सरल व सरस भाषा शैली का प्रयोग किया गया है कलचुरि राजा स्वयं भी साहित्य में रूचि रखते थे तथा

साहित्यिक रचनाओं के विकास में प्रयत्नशील रहते थे। इन अभिलेखों में शब्द और अर्थ दोनों प्रकार के अलंकारों का वर्णन हुआ है। इसके साथ-साथ रीति, रस, गुणों व छंदों का अलंकृत भाषा शैली के अनुरूप प्रयोग किया गया है। अनेक स्थानों पर फलचुरि अभिलेखों तथा बाणभट्ट की कृतियों के वर्णनों में साम्यता दिखाई देती है। इस प्रकार फलचुरि अभिलेख साहित्यिक दृष्टि से सरल सरस एवं अलंकारिक हैं। तथा ऐतिहासिक दृष्टि से ही नहीं साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है।

## संकेत संदर्भ सूची

01. सुक्ति मुक्तावली, पृ. 46

02. (क) वक्रोक्तिजीवित, ए0के0डे0 द्वारा सम्मानित पृ. 224-225

(ख) नाट्यशास्त्र, अभिनव गुप्त द्वारा व्याख्या, अध्याय-14

(ग) नाट्य दर्पण, पृ. 66,116,194

(घ) दशरूपक- 2, 45, 3-24, 4-13, 28

यथा छझनाबालिबालो मायुराजेनोदात्तराघवे परित्यवतः, दशरूपक-3

03. सुश्लिष्टबन्ध घटना विस्मित कवि राजशेखर स्तुत्या।

आस्ताभियमाकक्ष्पं कृतिश्च कीर्तिश्च पूर्व्वांच॥

का0इ0इ0-भाग-4, संख्या-45, श्लोक-85

युवराज द्वितीय का विलहरी प्रस्तर लेख

04. हर्षचरित, 1/1

05. का0इ0इ0, भाग-4, संख्या-15 पंक्ति- 1, 5, पृ. 58

06. का0इ0इ0, भाग-4, संख्या-17 पंक्ति- 3, 4, पृ. 68

07. वही, संख्या-17, पंक्ति-14, पृ. 69

08. कादम्बरी, कथामुख, पृ. 15

09. का0इ0इ0, भाग-4, संख्या-17 पंक्ति- 17, 17, पृ. 69

10. कादम्बरी, उत्तरार्ध

11. का0इ0इ0, भाग-4, संख्या-45 श्लोक- 21 पृ. 210

12. का0इ0इ0, संख्या-100, श्लोक-10, पृ. 538

13. का0इ0इ0, संख्या-16, पंक्ति-15, 17, पृ. 60

14. वही, संख्या-9, पंक्ति- 1, 4, 5, 6

**एसोसिएट प्रोफेसर,**
**जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

 ISSN – 2349-3100

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका : अर्वाचीन राजनीतिक चिंतन के परिप्रेक्ष्य में

✍डॉ. शारदा वर्मा

जब हम राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका की बात करते हैं तो लगता है यहाँ वेदों, उपनिषदों की क्या उपयोगिता? इनमें लिखित राष्ट्रीयता की भावना एवं भारतीयता की सामाजिक-सांस्कृतिक समरसता को बनाए रखना जैसा भाव असंभव प्रतीत होता है। यह उसी प्रकार है जैसे बिना नींव डाले भव्य इमारत का निर्माण कर देना। ऐसी इमारत का भविष्य प्रश्नवाचक ही रहेगा। आज की राजनीति व अधिकतर राजनीतिज्ञों का स्तर व देश के प्रति उनकी सोच चिंता का विषय है जब जाति, मजबह, क्षेत्र और भाषा आदि के बहाने कुछ नेता व बुद्धिजीवियों का एक वर्ग देश की राष्ट्रीय एकता बंधुत्व व अखंडता को तोड़ने में लगा है विगत कुछ दिनों के संसद के दृश्यों को ही ले तो महसूस होता है कि किस प्रकार के राजनेताओं को चुनकर हम संसद में भेजते हैं आवश्यकता है जो आज के युवा आने वाले कल के भविष्य निर्माता हैं उनके अंदर देश के विकास के लिए देश-प्रेम राष्ट्रीयता की भावना जागृत कर उन्हें भारतीय संस्कृति के अनुरूप, जीवन के समग्र विकास की दृष्टि से जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाए परन्तु यह कहने भर से नहीं होगा हमें इसके मूल तक जाना होगा और उसका निदान है अर्वाचीन राजनीतिक चिंतन। इस विषय पर चिंतन करते हुए सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है कि राष्ट्र शब्द का व्युत्पत्ति परक अर्थ क्या है? राष्ट्र में राज् धातु है जिसका अर्थ है चमकना इसमें औणादिक ''ष्ट्रन' प्रत्यय लगा है[1] राजते, दीप्यते, प्रकाशते, शोभते इति राष्ट्रम अर्थात् जो स्वयं देदीप्यमान होने वाला है वह राष्ट्र कहलाता है।

वैदिक काल में ऋग्वेद में राजत्व के सिद्धान्तों का उल्लेख मिलता है 'राष्ट्रं क्षत्रियस्य'[2] 'राष्ट्रं गुपितं क्षत्रियस्य'[3] 'राष्ट्रदा राष्ट्रं मे देहि'[4] आदि उदाहरण यही अभिव्यक्त करते हैं कि राष्ट्र उसे कहते हैं जिस पर क्षत्रिय का शासन हो। राष्ट्र देने वाला है उसे राष्ट्र दो एवं तू राष्ट्र देने वाला है मुझे राष्ट्र दो। राष्ट्र की वृद्धि के लिए राष्ट्राभिवर्धन सूक्त में राजा द्वारा अभीवर्तमणि बाँधने की प्रार्थना की गई है।[5] परन्तु राजनीति शास्त्र का ज्ञान उत्तरवैदिक काल के बाद कौटिल्य अर्थशास्त्र, रामायण महाभारत में मिलना आरम्भ हो गया था। महाभारत में बृहस्पति, भारद्वाज आदि को 'राजशास्त्रप्रणेतारः' कहा गया है। 4-5 शता. में नीतिशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और नयशास्त्र जैसे शब्द प्रचलित हो गए थे। कामन्दक ने अपने राजनीति ग्रंथ को 'नीतिशास्त्र' नाम

 ISSN – 2349-3100

दिया है। पंचतंत्र में कथाओं के माध्यम से राजनीतिक सिद्धांतों को प्रस्तुत किया गया है। याज्ञवल्क्य[6] जिस अर्थ शास्त्र की बात करते हैं वह राजनीति शास्त्र ही है और धर्म शास्त्र का अभिन्न अंग है। मनुस्मति[7] सप्तम अध्याय, महाकवि कालिदास द्वारा रचित ग्रंथों में 'राजनीति'[8] शब्द का वर्णन मिलता है। कौटिल्य प्रणीत अर्थशास्त्र उच्चकोटि का प्राचीनतम राजनीतिक ग्रंथ माना जाता है जिसमें राज्य, समाज, अर्थ व दण्डव्यवस्था आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है और कहा कि योग्य शासन व्यवस्था का आधार राजा का चरित्रवान और प्रभावशाली होना है। 'अर्थ' से ही समाज व देश को सुव्यवस्थित रूप से चलाया जा सकता है-"मनुष्यां वृतिरर्थः"

भारत एक ऐसा देश है जहाँ प्राचीन भारतीय मनीषियों ने कल्याणकारी राज्य-स्वराज्य व रामराज्य की कल्पना की थी वहाँ राजनीति तंत्र न होकर एक ऐसा केन्द्र था जिसमें धर्म सम्मिलित था। उस राजनीतिक तंत्र के माध्यम से ही आचार व्यवहार का पालन होता था। मुख्य रूप से यहाँ धर्म शब्द का प्रयोग सामाजिक कर्त्तव्य, विधि एवं न्याय व्यवस्था के रूप में प्रतीत होता है। शासनव्यवस्था को धर्म को जाड़ने से अभिप्राय था शासक के व्यक्तिगत आचार-व्यवहार और सामाजिक संहिता को स्थापित करना था। भारतीय संस्कृति यथा राजा तथा प्रजा की पक्षधर रही है महाभारत के शांतिपर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर को 'राजधर्म' का उपदेश दिया था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में ही[9] राजतंत्र के संचालक या शासक के रूप में राजा को 'राजर्षिवृत्तम्' कहकर राजर्षि के नाम से संबोधित किया है जिससे राजा निरंकुश (Dictator) न हो तथा स्वामित्व के अहंकार में न होकर कर्त्तव्यपालन व नैतिकता के प्रभाव में रहे। हम सभी जानते हैं कि सत्ता का मद व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है। व्यक्ति को पद तो मिल जाता है लेकिन नैतिक मूल्यों से रहित व्यक्ति पद की गरिमा बनाए रख सके इसमें संशय रहता है। सही कहा है-

सुखस्य मूलम् धर्म - Righteonsness is the roat of happiness, धर्मस्य मूलं अर्थ - Wealth is the root of righteonsness, अर्थस्यमूलं राज्य - The state is the root of wealth, राज्यमूलं इन्द्रियजय - Victory of senses is the root of states, इन्द्रिजयस्य मूलं विनय - Humility is the root of sense control विनयस्य मूलं वृद्धसेवा - Worship of elders is the root of humility, मनुस्मृति में भी आता है-

अभिवादन शीलस्यनित्य वृद्धोपसेविनः।
चत्वारितस्य वृद्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।।

ISSN – 2349-3100

यदि युवाओं को बाल्यकाल से ही विद्यालयों में देश-प्रेम, आत्म बलिदान की भावना से ओत-प्रोत महापुरुषों की जीवनी आदि पढ़ाते हुए उन्हें जीवन मूल्यों की शिक्षा, मानवीय संबंधों की शिक्षा, भावनात्मक संतुलन की शिक्षा, जीवन के समग्र विकास की दृष्टि से व्यवहार व जन्मभूमि से प्रेम की शिक्षा दी जानी चाहिए तो वे देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

शिक्षा शब्द शिक्ष् धातु से बना है जिसका अर्थ देना है लेना नहीं। आज का युवा सिर्फ अधिकार की बात करता है यह सही है हम लोकतांत्रिक देश में रहते हैं हमारे अधिकार हैं परन्तु हमारे कर्त्तव्य भी हैं परिवार के प्रति, समाज के प्रति। भगवद्गीता भी ''कर्मण्येवाधिकारस्ते'' की बात करती है वैदिक शिक्षा का माध्यम योग विज्ञान या चित्त वृत्ति निरोध है इसमें अक्षर ज्ञान पर्याप्त नहीं अपितु युवाओं का सर्वांगीण विकास अभिप्रेत है। जीवन के प्रत्येक पहलू की दृष्टि से किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा युगांतकारी भूमिका निभा सकता है। भारतीय साहित्य में सर्वत्र मातृभूमि और भारत भूमि के प्रति अनुराग दिखाई देता है जो आज के युवा में विदेशों में पलायन न कर सकें।

माता भूमिः पुत्रोऽहंपृथिव्याः, ''जननीजन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'' मातृभूमि की महिमा, भौगोलिक अखण्डता व राष्ट्र के गौरव के प्रतीक अनेक कथन मिलते है। जन-जन में यह भावना जागृत होनी चाहिए, आज अधिकतर युवाओं में राष्ट्रगान कौन-सा है राष्ट्रगीत क्या है। 15 अगस्त क्यों मनाया जाता है? बचपन से स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों में राष्ट्रभक्ति व राष्ट्रप्रेम कूट-कूटकर भरा जाना चाहिए जिससे उन्हें अपने देश पर गर्व हो। मैथिलीशरण गुप्त ने 'गुरुकुल' नामक ग्रंथ में लिखा है[10]-

हिन्दू मुसलमान कोई हो, जो सच्चा है वही मनुष्य।
देव और दानव दोनों ही, बन सकता है यही मनुष्य।।

आधुनिक भारतीय राजनीति चिंतन में महात्मा गाँधी ने भी राजनीति और धर्म का गहरा संबंध माना है उनका धर्म से अभिप्राय 'सार्वभौमिक धर्म' जो परस्पर व्यावहारिक सहिष्णुता और प्रेम पर आधारित हो। अहिंसा परमो धर्मः को उन्होंने नए ढंग से राजनीति में प्रयोग किया। देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गाँधी जी ने अहिंसात्मक सत्याग्रह आन्दोलन को आधार बनाया और कहा सत्य साध्य है तो अहिंसा उस साध्य तक पहुँचने का साधन। सत्य मार्ग शूरवीरों के लिए है सत्य आत्मशक्ति है मुण्डकोपनिषद से ही 'सत्यमेव जयते' लिया गया है जो सिंह शीर्ष के नीचे उत्कीर्ण है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने भी कहा है- स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध

 ISSN – 2349-3100

अधिकार है। इस प्रकार की भावना जो आजादी की लड़ाई के समय महात्मा गाँधी जी, सुभाषचन्द बोस, तिलक आदि वीरों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर भारत देश को स्वतंत्र कराया था। बंधुत्व की भावना देश के प्रति अटूट–प्रेम, देश में बनी वस्तुओं का प्रयोग राष्ट्र की एकता व अखण्डता का भाव बनाए रखें।

मैथिलीशरण गुप्त जी ने सही कहा था–

जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है।
वह नर नहीं नर पशु निरा है और मृतक समान है।।

यदि हम वैदिक साहित्य में वर्णित 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और यजुर्वेद में वर्णित– 'यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्' अर्थात् सारा संसार एक घोसलें के समान है भाव को लेकर चले तो कुछ विचारकों क मत में राष्ट्रीयता के बुरे परिणाम हो सकते हैं। इसका खण्डन हो जाता है क्योंकि ऐसी राष्ट्रीयता की भावना में सर्वहित सद्भावना व मानवता का भाव निहित होता है देश प्रेम, आत्मबलिदान की कहानियाँ, भारतीय साहित्य व संस्कृति से परिचित कराना ही तो राष्ट्रीयता है।

भारत जो ऋषि मुनियों का देश है जहाँ प्राचीन शिक्षा पद्धति युवाओं को कष्ट सहिष्णु, उदार एवं परिश्रमी तो बनाती ही है उनके अन्तस में मनसा, वाचा, कर्मणा, दया, अहिंसा का भाव जगाती है भारत के इस चिंतन व संस्कृति का प्रभाव संपूर्ण विश्व पर दिखाई पड़ता है इस महामारी के समय जब कोरोना वायरस के प्रकोप ने पूरी दुनिया के सामने भयावह स्थिति पैदा कर दी थी। तब सभी ने उस भारतीय संस्कृति को अपनाते हुए योग, प्राणायाम व प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति को प्रयोग में लाकर सरल व कम खर्च में इस महामारी का सामना करने में महत्वपूर्ण भ्मिका अदा की।

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी वेदों उपनिषदों को विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा रहा है क्योंकि इससे व्यक्ति स्वकेन्द्रित न होकर पूरे विश्व को परिवार मानकर सबके प्रति उदार भावना रखता है आज के इस Digitalization के युग में जब सब कार्य Online किए जा रहे हैं तो देश के विकास के लिए युवा वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राचीन व नवीन पद्धतियों का संगम कर विभिन्न विधाओं में पारंगत किया जाना चाहिए। जिससे वे राष्ट्र के प्रति प्रेम व कर्त्तव्य भावना को आत्मसात करते हुए आगे बढ़े शिक्षा वह है जो युवा में अन्तर्निहित पूर्णता का प्रकाशन कर सके– Education is the manifestation of perfection already in men स्वामिविवेकानन्द। नेलसनमंडेला के शब्दों में आज के युवा कल के नेता हैं। युवा राष्ट्र के विकास की नींव रखता है। इस समय वह ऊर्जा व शक्ति से भरपूर होता है। सीखने की क्षमता

रखता है राष्ट्र का युवा ही आगे चलकर शिक्षक, वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर देश की सुरक्षा व औद्योगिकी क्षेत्र में बड़े-बड़े पदों पर पहुँचकर देश के विकास में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक उन्नयन में युवाओं की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। आवश्यकता है उनमें नैतिक व सकारात्मक मूल्यों व देश समाज के प्रति कर्तव्य भावना को जाग्रत करने की।

आज वही आदर्श राजनीतिक चिंतन परम्परा नष्ट होती दिखाई दे रही है। आज की शिक्षा युवाओं को 'सा विद्या या विमुक्तये' की ओर न ले जाकर 'सा विद्या या भुक्तये' की ओर ले जा रही है। उसकी शिक्षा संस्कार व परिवेश ही उसे राष्ट्र प्रेमी बना सकते हैं या अन्य मार्ग पर ले जा सकते हैं।

यदि हम देश के कर्णाधार अपने युवाओं को बाल्यकाल से ही समुचित शिक्षा सही दशा दिशा, संस्कार व पर्याप्त अवसर दें तो उनकी योग्यता व शक्ति का उपयोग समाज व देश के विकास में किया जा सकता है क्योंकि युवा ही समाज व देश को नई ऊँचाईयों पर ले जाने की सामर्थ्य रखता है।

## संदर्भ ग्रंथ-सूची

1. राज+सर्वधातुभ्यः ष्ट्रन्। उणादि 4/158 इतिष्ट्रन। शब्दकल्पद्रुम।
   हिन्दी भाष्य-महर्षि दयानन्द सरस्वती, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली 1993
2. ऋग्वेद 4/42/1
3. ऋग्वेद 10/109/3
4. ऋग्वेद 10/2, 3
5. तेनास्मान् ब्रह्मणस्पतेऽपि राष्ट्राय वर्धय। अथर्ववेद 1/29/1
6. याज्ञवल्क्य 2/21
7. मनुस्मृति, सप्तम अध्याय, मन्वर्थमुक्तावली टीका सहित श्री हरगोविन्द शास्त्री, चौखम्बा, संस्कृत संस्थान, वाराणसी।
8. रघुवंश 17/68
9. कौटिल्यार्थशास्त्रम् - व्याख्याकार वाचस्पति गैरोला, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी
10. तिवारी, शशि - संस्कृत साहित्य में राष्ट्रवाद और भारतीय राजशास्त्र, विद्यानिधि प्रकाशन, 2013

**एसोसिएट प्रोफेसर,**
**जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

उन्मेष Unmesh - ISSN 2394-2207

IIJ Impact Factor : 2.011
Vol. VII, No. II
May-October, 2021
Pg. No. 13-14

# शिल्प कला के पोषक कलचुरि अभिलेख

डॉ0 शारदा वर्मा*

*एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

कलचुरि अभिलेखों में भारतीय जन–जीवन सभ्यता और संस्कृति के गौरवमय तत्त्व पाषाणों की एक–एक पंक्ति में विद्यमान है। भारतवर्ष का सांस्कृतिक वैभव इन मूक कला कृतियों में बिखरा पड़ा है। कलचुरि काल की कला में सौन्दर्य एवं नैतिकता पूर्ण रूप से व्याप्त है। भारतीय कला के इतिहास में सांसारिक वैभव व आध्यात्मिक वैभव को व्यक्त करने वाली कलाकृतियों में मनुष्य के सद्गुणों व भावनाओं का दर्शन होता है। पुरातत्व की खुदाई तथा अन्वेषण से प्राचीन वास्तुकला के अवशेष प्रकाश में आए हैं। शिल्प का प्रथम स्वरूप ही प्राकृतिक सृष्टि है। प्राकृतिक सुन्दरता का आकर्षण तथा छटा की भव्यता का प्रदर्शन कलाकार को कलात्मक कार्यों के लिए बाध्य करता है। कलचुरि काल की महान कलाकृतियों का निर्माण धार्मिक भावनाओं से प्रेरित होकर हुआ है। इन अवशेषों से भारतीय संस्कृति के अनेक महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश पड़ता है। इन कलाकृतियों में भारत की उस समन्वयवादी धार्मिक प्रवृति के प्रमाण हैं जो अपने धर्म के प्रति पूर्ण श्रद्धा रखते हुए भी अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णुता व समानता का भाव रखते थे।

कलचुरि काल में कला के क्षेत्र में कलचुरि राजाओं द्वारा बनवाए गए मन्दिर, मूर्तियाँ, स्मारक, स्तम्भ, द्वार, मठ आदि। शिल्प कला की विशिष्टता से कलचुरि वंश के लिए सुदृढ़ नींव सिद्ध हुए। इनमें भारतीय संस्कृति एवं कला की अक्षयनिधि अन्तर्निहित है।

डॉ. मिराशी के अनुसार1– एलिफेंटा की भव्य गुफाएं 6 शता. के उत्तरार्द्ध में बम्बई के पास खुदाई से प्राप्त हुई है, जब महाराष्ट्र कोंकण पर कलचुरियों का शासन था इसके लिए दो प्रमाण दिए हैं– (1) सातवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में प्राप्त बादामी व एलिफेंटा की शिल्पकला में काफी समानता है। (2) एलिफेंटा का गुहामन्दिर पाशुपत के लिए बनवाया जिसमें लकुलिश की मूर्ति बनी हुई है। जिससे ज्ञात होता है कलचुरि राजा पाशुपत धर्म के समर्थक थे। कलचुरि काल से प्राप्त मन्दिरों तथा अन्य धार्मिक स्मारकों को कालानुसार विभाजित कर सकते हैं।

संभवतः 900 ई. में मौहसन का शैव मन्दिर, चन्द्रेही मन्दिर वैद्यनाथ मन्दिर (बैजनाथ), शैव स्मारक (चन्द्रेही), रेवा तोरण (रेवा), विश्वनाथ मन्दिर (मीराबाग), चौंसठ योगिनी मन्दिर (भेराघाट) शैव मन्दिर (भरई), शैव मन्दिर (खजुराह) शैव मन्दिर (नोहटा)। 1000 ई. में प्राप्त मच्छेन्दरनाथ मन्दिर, अमरकंटक, पटियान दाई मन्दिर (पढुरा) कर्ण का त्रैयायतन मन्दिर (अमरकंटक), केशवनारायण मन्दिर (अमरकंटक) पाटलेश्वर मन्दिर (अमरकंटक), शैव मन्दिर (गुरुहर बैरागाँव), विराटेश्वरमन्दिर (सोहागपुर), सागर मन्दिर (उमरियां), वैद्यनाथ मन्दिर (भेराघाट) सोमनाथ मन्दिर (दियोतलाओ) भैरव मन्दिर (दियातलाओ)।[2]

इस प्रकार कलचुरि काल के मन्दिर गोलाकार वर्गाकार त्रेतायतन तथा आयताकार आधारभूत सिद्धांतों पर बने हुए हैं। चन्द्रेही तथा वैद्यनाथ मन्दिरों के शिखर पर खूबसूरत कलात्मक आकृतियाँ बनी हुई हैं।[3] कुछ विद्वान, मलकापुरम लेख में वर्णित गोलकीमठ की समता हाल ही में प्राप्त नदिया–की–तोरी में स्थित मन्दिर से करते हैं।[4] खजुराहों में चौंसठ योगिनी मन्दिर चन्देल प्रदेश का एक अप्रतिम उदाहरण है। उसी प्रकार द्वार, शिरपट्टी, मण्डप, स्तम्भ आदि की सजावट पर विशेष ध्यान दिया गया है।

शिल्प कला के क्षेत्र में विभिन्न देवी–देवताओं की आकृतियाँ यथा– मानवाकृति पशु आकृति तथा वास्तु कला कृतियाँ प्राप्त हुई हैं। शंकालिया के अनुसार स्थापत्यकला के आभूषण रूप में शिल्प कला के अनेक उदाहरण मिलते हैं।[5] राधेशरण ने गुर्गी को शिल्पकला का महत्त्वपूर्ण केन्द्र माना है।[6]

कलचुरिकाल से प्राप्त मूर्तियों के साथ–साथ जन सामान्य के जीवन का भी परिचय मिलता है। जैसे मन्दिरों की दीवारों पर रति मुद्रा में, स्त्री शृंगार, शीशा, देखते हुए बाल संवारते हुए इत्यादि। नृत्य और प्रणय संबंधी मूर्तियों से नृत्य और संगीत का जन सामान्य में प्रचलन का पता चलता है।

कोक्कल द्वितीय के गुर्गी प्रस्तर लेख में युवराज द्वितीय ने एक स्मारक बनवाकर उसे शैव सन्यासी प्रबोध शिव की देख रेख में रख दिया तथा प्रबोध शिव के चन्देहे प्रस्तर लेख में मठ का तथा आध्यात्मिक गुरु द्वारा (क.स.–724) मन्दिर निर्माण कराया गया।[7] युवराज देव प्रथम की महारानी नोहला द्वारा बिलहरी में नोहलेश्वर का विशाल मन्दिर बनवाया। बैनर्जी के अनुसार यह लक्ष्मण सागर के पूर्वी किनारे परस्थित था।[8] बिलहरी लेख में ही युवराज देव के पुत्र लक्ष्मणराज द्वितीय द्वारा वैद्यनाथ नामक मठ का निर्माण करवाकर हृदयाशिव को उसका संरक्षक नियुक्त किया।

विष्णु के वराह अवतार का सोमेश्वर मन्दिर कारीतलाई में लक्ष्मणराज द्वितीय द्वारा बनवाए जाने का वर्णन है तथा संरक्षण के लिए अनेक ग्राम दान में दिए।[9]

लक्ष्मणराज द्वितीय के उत्तराधिकारी शंकरगण तृतीय के राज्यकाल में शबर के बरगाँव प्रस्तर लेख में विष्णु के मन्दिर की स्थापना का उल्लेख है।[10] मुकुन्दपुर प्रस्तर लेख

में श्रेष्ठिन दामोदर द्वारा गांगेयदेव के राज्य में 'जलश्यन' अर्थात् विष्णु का एक मन्दिर बनवाया।[11] कर्ण के राज्य में 'शिव' का एक मंदिर कायस्थ मंत्री ने बनवाया ऐसा रेवा प्रस्तर लेख (क.स. 800) से ज्ञात होता है।[12] कर्ण के रेवा लेख में[13] कर्ण के अधिकारी बप्पुल द्वारा वप्पुलेश्वरलिंग की स्थापना के लिए शिव का मन्दिर कादम्बरी गाँव में बनवाया। कर्ण ने काशी में मेरू प्रकार का मन्दिर 'कर्ण मेरू बनवाया यह यशकर्ण के खैरहा लेख से पता चलता है।[14]

नरसिंह से भेराघाट प्रस्तर लेख में[15] नरसिंह की माता अल्हण देवी, गयाकर्ण की विधवा रानी ने वैद्यनाथ नाम का शिव मन्दिर मठ तथा अध्ययन कक्ष बनवाया और इसके संरक्षण के लिए दो गाँव दान में दिए जाने का उल्लेख है। नरसिंह के अल्हघाट लेख में[16] षटषडिकाघाट तथा अम्बिका के मन्दिर का छिहुल द्वारा बनवाए जाने का वर्णन है। कीर्तिश्वर नामक प्रसिद्ध मन्दिर का विमलशिव द्वारा बनवाया गया ऐसा उल्लेख जबलपुर प्रस्तर लेख में[17] मिलता है तेवर प्रस्तर लेख में शिव मन्दिर का गोपाल पुर प्रस्तर लेख में विष्णु मन्दिर का, जाज्जलदेव के रत्नपुरप्रस्तलेख में 'वकेश' के मन्दिर का तथा शिवमन्दिर के पुनर्निमाण का उल्लेख है। यह मन्दिर 200 वर्ष पूर्व कण राजा द्वारा बनवाया यगा था।[18]

रत्नदेव द्वितीय जबलतारा प्रस्तर लेख में[19] वल्लभराज द्वारा विकर्णपुर में सप्ताश्व के सुर रेवान्त के मन्दिर का उल्लेख मिलता है। विकर्णपुर आधुनिक कोट्टगण को कहा गया है। पृथ्वी देव के रायपुर म्युजियम प्रस्तर लेख में भी यही वर्णन आता है। परन्तु अब सूर्य का कोई मन्दिर कोट्टगढ़ में प्राप्त नहीं है जिसमें से कोई शिव मन्दिर हो सकता है।[20]

रत्नदेव द्वितीय के सर्वाधिक कारिन पुरुषोत्तम द्वारा अनेक धर्माथसम्बन्धी कार्य किए गए। अनेक मठ और मण्डप मन्दिर तथा गहरे झील निर्माण का वर्णन कोणी प्रस्तर लेख में आता है।[21] रत्नदेव द्वितीय के उत्तराधिकारी पृथ्वीदेव द्वितीय के शासनकाल में स्थापत्य कला के अनेक उदाहरण मिलते हैं, राजीम प्रस्तर लेख में जगपाल द्वारा राजीम में स्थित रामचन्द्र के मन्दिर की मरम्मत का उल्लेख आया है इसके संरक्षण के लिए ग्राम दान का भी वर्णन है।[22] पृथ्वी देव द्वितीय के सामन्त ब्रह्मदेव द्वारा धर्मार्थ अनेक धर्मशाला का मल्लाल (विलासपुर जिले में आधुनिक मल्लार) में 'धुर्जति'' (शिव) के मन्दिर निर्माण का उल्लेख है।[23]

पृथ्वी देव द्वितीय के ही शासनकाल (कं.सं. 1207) रत्नपुर प्रस्तर लेख है।[24] साम्बा में स्थित 'बिल्वपाणि नाम का शिवमन्दिर देवगण द्वारा बनवाए जाने का उल्लेख है। जाज्वलदेव द्वितीय के राज्यकाल (क.स. 419) में मल्लार में सोम राज ब्राह्मण द्वारा केदार नाम का शिव मन्दिर बनवाया। शिओरिनारायण प्रस्तर लेख में शम्भु के विशाल मन्दिर, तालाब और उद्यान निर्माण का उल्लेख है।[25] इससे स्पष्ट होता है कि कलचुरि नरेशों ने स्थापत्य एवं शिल्प कला को विशेष प्रोत्साहन दिया। पृथ्वी देव द्वितीय के कोणी प्रस्तर लेख में शिल्पविज्ञान का उल्लेख है कनिंघम और बैनर्जी के अनुसार अनेक शिल्पकला के नमूने मन्दिरों में समूह के साथ ''नमूने मन्दिरों में समूह के साथ ''11वी शता. में अमरकंटक से प्राप्त हुई है।[26]

कलचुरि राजा कला के सर्वोत्कृष्ट उन्नायक थे कलचुरि काल में अनेक विशाल भव्य मन्दिरों मूर्तिया, में स्मारकों द्वार, मठ, स्तम्भ, गुफायें, स्तुप, तोरण आदि कलचुरि राजाओं की धार्मिक, सांस्कृतिक, कलात्मक अभिरुचियों के भव्य उदाहरण प्रस्तुत करते हैं जिससे उनकी धार्मिक आस्था, कला प्रियता तथा कला मर्मज्ञता का पता चलता है।

**सन्दर्भ :**


1. का.इ.इ., भाग–4, पृ. बगध्अध्प.अपप
2. रहमान अली, आर्ट एण्ड आर्कीटेक्चर आफ दि कलचुरि, पृ. 78.39
3. घोष डी., जे.एन. बैनर्जी वाल्युम, दि चैत्य विण्डो मोटिफ, 1960, पृ. 148–61
4. दीक्षित, एम.जी. आफ. मिट. एपन्डिक्स–1, पृ. 34
5. शंकालिया, आकर्योलोजकल ऑफ गुजरात (काठियावाड़) 1941, पृ. 116
6. आल इण्डिया, ओरियन्टल कान्फ्रेस, 23 सोशल, अलीगढ़–2, पृ. 116
7. का.इ.इ., भाग–4, संख्या–46, श्लोक–11, 20, वही, संख्या–44, श्लोक 16.17
8. वही, संख्या–45, श्लोक–40, एच.टी.एम., पृ. 46
9. वही, संख्या–42, श्लोक–29
10. वही, संख्या–43
11. वही, संख्या–47, पंक्ति–2
12. वही, संख्या–51, श्लोक–54
13. वही, संख्या–53, श्लोक–5
14. वही, संख्या–56, श्लोक–13
15. वही, संख्या–60, श्लोक–27–30
16. वही, संख्या–62, श्लोक–4.5
17. वही, संख्या–64, श्लोक–45,
18. वही, संख्या–66, श्लोक–3, वही एपन्डिक्स संख्या–5, संख्या–78, पृ. 418
19. वही, संख्या–84, श्लोक–21.24
20. सी.ए.एम.आई.आर.–वाल्युम–अपप, पृ. 212–213
21. का.ई.ई., भाग–4, संख्या 90
22. वही, संख्या–88, श्लोक–22
23. वही, संख्या–96, श्लोक–22.39
24. वही, संख्या–93, श्लोक–23.24
25. वही, संख्या–97, श्लोक–21, संख्या–98, श्लोक–42
26. आर्ट एण्ड आर्कटिक्चर ऑफ दि कलचुरिज, पृ. 87, बैनर्जी एम.ए.एस.आई., पृ. 107–108

80

पंजीकरणसंख्या-डी०ई०एल०एस०ए०एन० 2002/8921

आई०एस०एस०एन०-2278-8360

मूल्यम्-२५रूप्यकाणि

# संस्कृत-मञ्जरी

# SANSKRIT-MANJARI

## अन्ताराष्ट्रिया मूल्याङ्किता त्रैमासिकी शोधपत्रिका

**An International Referred Quarterly Research Journal**

**वर्षम् १९ अङ्कः ४**

(अप्रैल तः जून २०२१ पर्यन्तम्)

सम्पादकः

डॉ. अरुण कुमार झा

सचिवः

सहायकसम्पादकः

प्रद्युम्नचन्द्रः

प्रकाशकः

**दिल्ली संस्कृत अकादमी**

(दिल्लीसर्वकारः)

**DELHI SANSKRIT ACADEMY**

**(Govt. of N.C.T. of Delhi)**

# अनुक्रमणिका


**संस्कृतभागः** पृष्ठसंख्या

**सम्पादकीयम्** III

१. **योगदर्शने चित्तस्य भूमिका** १
-ज्योत्सना

२. **सांख्यकारिकायाः टीकाकाराणां मते आप्तप्रमाणम्** ६
-डॉ. प्रीतमसिंहः

३. **अर्वाचीनशिक्षणधारायां गुरुशिष्यपरम्परायाः औचित्यं वैज्ञानिकत्वञ्च** १७
-डॉ. सुधाकरमिश्रः

४. **''गीतायां कर्मयोगद्वारा लोककल्याणभावना''** २३
-डॉ. शिवानी शर्मा

५. **दानस्वरूपविमर्शः** २८
-डॉ. हरीश कुमारः

६. **आचार्यवाचस्पतिमिश्रकृतभामत्यनुसारं जैनमतनिरासः** ३४
-डॉ. एम्.वसन्ता

७. **वैदिक-जलविज्ञानम्** ३९
-डॉ. विजयः गर्गः, डॉ. युधवीरः सिंहः शर्मा

**हिन्दीभागः**

८. **वेदों की महत्ता में भाष्यों की उपादेयता** ४३
-दीपक कालिया

९. **मेघदूतम् का काव्य सौन्दर्यः एक समीक्षण** ५६
-डॉ. ऋचा रानी

१०. **पुराणों में सामाजिक दर्शन एवं वर्तमान लोकस्थिति** ६१
-डॉ. धर्मपाल यादव

११. **उपनिषद् साहित्य में ध्वनि** ६९
-डॉ. ठण्डी लाल मीणा

**अंग्रेजीभागः-**

१२. **The Cult of Jagannātha** ७५
- Dr. Nilachal Mishra

१३. **Pāñcālisvamvaracampu of Melputtūr Nārā yaṇabhaṭṭa a comparative a reading with Mahaṭṭābhārata** ८२
- NEETHU V.S

International Journal of Sanskrit Research 2021; 7(1): 441-443

International Journal of Sanskrit Research

अनन्ता

ISSN: 2394-7519
IJSR 2021; 7(1): 441-443
© 2021 IJSR
www.anantaajournal.com
Received: 03-11-2020
Accepted: 15-12-2020

दीपक कालिया
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः),
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

Corresponding Author:
दीपक कालिया
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः),
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

# शाकुन्तलम् का अभिज्ञान अंक

**दीपक कालिया**

सारांश
कविकुलगुरू कालिदास विरचित सुप्रसिद्ध नाटक अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सात अंकों में षष्ठ अंक वस्तुतः सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। इसे अभिज्ञान अंक कहा जा सकता है। क्योंकि नाटक के नामकरण को सार्थक करने वाले इस अंक की घटनाओं की नाट्यशास्त्र की दृष्टि से विशेष भूमिका है। अभिज्ञानशाकुन्तलम् के षष्ठ अंक में चेटियों द्वारा वसन्तऋतु का वर्णन, सानुमति अप्सरा का प्रसंग और मातलि द्वारा विदूषक के निग्रहण का वृतान्त "प्रकरी" नामक अर्थप्रकृति के अन्तर्गत है। अंगूठी की प्राप्ति होने पर सब विघ्न दूर हो जाते हैं। सानुमति के "देवा एव तथानुष्ठास्यन्ति यथाचिरेण धर्मपत्नी भर्ताभिनन्दिष्यति" वचन से निश्चित प्राप्ति सूचित होती है यह फलागम की सूचना एवं शकुन्तला का अभिज्ञान इसी अंक के माध्यम से होता है। प्रायः संस्कृत साहित्य में काव्यों का नामकरण उनकी विशेष घटनाओं के आधार पर किया गया है और नाटक में जिस अंक में उस घटना का वर्णन होता है वह अंक विशिष्ट माना जाता है। "अभिज्ञानम् च तत् शाकुन्तलम् अभिज्ञानशाकुन्तलम्" इस व्याख्या के अनुसार अभिज्ञान से अंगूठी और शाकुन्तल से शकुन्तला सम्बन्धी अर्थ ग्रहण किया जाए तो ऐसी स्थिति में अभिज्ञान शाकुन्तल का अर्थ होगा– "शाकुन्तला की पहचान"। इस अभिज्ञानशाकुन्तलम् में शकुन्तला की पहचान षष्ठ अंक में होती है अतः षष्ठ अंक की महता सर्वाधिक है। प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य शाकुन्तलम् के षष्ठ अंक को अभिज्ञान अंक कहते हुए अन्य अंकों की अपेक्षा नाट्य कौशल एवं नामकरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध करने का प्रयास किया गया है।

मुख्य शब्दः अभिज्ञान, मुद्रिका, अर्थोपक्षेप प्रत्याख्यान, सहजकर्म, प्रजारंजक, अतिप्राकृतिकता

## प्रस्तावना

"कालिदासस्य सर्वस्वमभिज्ञानशाकुन्लतम्" अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक की महत्ता को प्रतिपादित करने वाला यह कथन वस्तुतः सत्य है। सप्ताकों में निबद्ध अभिज्ञानशाकुन्तलम् के प्रायः सभी अंक महत्वपूर्ण हैं। चतुर्थ अंक के विषय में तो कहा है–

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शाकुन्तला।
तत्राऽपि चतुर्थोऽङ्कः तत्र श्लोकचतुष्ट्यम्।।

परन्तु षष्ठ अंक तो सम्पूर्ण नाटक की आत्मा ही प्रतीत होती है क्योंकि इस अंक में घटित घटनाएं, नाट्यकौशल, काव्यसौन्दर्य एवं सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक मर्यादाओं का चित्रण बहुत ही स्वाभाविक एवं व्यावहारिक है। शकुन्तला की स्मृति राजा को होती है मुद्रिका की प्राप्ति से शकुन्लता का अभिज्ञान अर्थात् प्रत्यास्मरण होता है। अतः इस अंक को अभिज्ञान अंक भी कहा जा सकता है। प्रस्तुत शोधपत्र में नाट्यशास्त्रीय, सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक एवं काव्यसौन्दर्य इन बिन्दुओं के आधार पर इस अंक के महत्व को प्रतिपादित करने का प्रयास किया गया है।

नाट्यशास्त्रानुसार नाटक का नाम नायक, नायिका अथवा प्रमुख घटना पर आधारित होना चाहिए। अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक का नाम "अभिज्ञान" घटना के आधार पर है जिसमें शाप के कारण विस्मरण की गई शकुन्लता को दुष्यन्त ने पहचाना है। यह घटना षष्ठ अंक में घटित होती है। "अभिज्ञान" का माध्यम मुद्रिका का पुनः प्राप्त होकर राजा को शकुन्तला की स्मृति दिलाकर उसे याद करना ही "अभिज्ञान" है।

अभिज्ञानम् च तत् शाकुन्लतम् इस व्युत्पत्ति के अनुसार अभिज्ञान से मुद्रिका (अभिज्ञायतेऽनेनेति) और शाकुन्तल से शकुन्तला सम्बन्धी (शकुन्तलया इदम्–शकुन्तला+अण्) अर्थ ग्रहण किया गया है। ऐसी स्थिति में भी अभिज्ञानशाकुन्तल का अर्थ है– शकुन्तला की पहचान। इस अंक की घटना के आधार पर ही नाटक का नामकरण हुआ है अतः इस अंक को 'अभिज्ञान' अंक कहना युक्तिसंगत प्रतीत होता है।

भारतीय नाट्यपरम्परा के अनुसार कुछ घटनाओं का रंगमंच पर अभिनय करना वर्जित है जैसे कि मृत्यु एवं नीरस कथावस्तु आदि, परन्तु कथा सूत्र को अविच्छिन्न रखने के लिए इनकी सूचना आवश्यक होती है। अतः इस सूच्य कथावस्तु का प्रतिपादन पांच अर्थोपक्षेपकों (विष्कम्भक, चूलिका, अंकास्य अंकावतार, प्रवेशक) के द्वारा किया जाता है। शाकुन्तल के षष्ठ अंक का प्रारम्भ 'प्रवेशक' द्वारा किया गया है।

International Journal of Sanskrit Research 2017; 7(4): 272-274

International Journal of Sanskrit Research

अनन्ता

ISSN: 2394-7519
IJSR 2017; 7(4): 272-274
© 2017 IJSR
www.anantaajournal.com
Received: 03-05-2021
Accepted: 16-06-2021

**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

Corresponding Author:
**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

# वर्तमान युग में वेदान्त की उपयोगिता

**दीपक कालिया**

## प्रस्तावना

वर्तमान वैज्ञानिक युग में मानव जीवन पूर्णतया यन्त्रों में निर्भर हो गया है। आज के इस युग में मनुश्य आत्मकेन्द्रित होकर केवल स्वार्थपूर्ति के लिए ही कार्य कर रहे है। अपने प्रयोजन की सिद्धि एवं लक्ष्य की पूर्ति के लिए वर्तमान समय में मनुश्य कुछ भी कार्य करने से नहीं हिचकिचाता क्योंकि उसका मुख्य लक्ष्य तो धन कमाना ही हो गया है। मानव की इस धनलोलुपता का यह परिणाम हुआ कि समाज में अनेक प्रकार के दुर्गुण उत्पन्न हो गए। जैसे कि परस्पर पारिवारिक संबंधों में विच्छेद। पिता–पुत्र, भाई–भाई और पति–पत्नी में जैसा सौहार्दपूर्ण संबंध होना चाहिए वैसा अब कहीं भी दिखाई नहीं देता। इसके कारण सबकी मानसिक स्थिति भी विकृत हो गई है। मनुश्य आर्थिक दृश्टि से और भौतिक साधनों से चाहे कितना भी सम्पन्न हो गया हो परन्तु मानसिक शान्ति से विहीन वह जीवन के परमसुख को प्राप्त नहीं कर रहा है। आज के युग में न केवल सामाजिक स्थिति अपितु देष की राजनैतिक दषा भी बहुत शोचनीय हो गई है। प्रजा के रक्षक नेता लोग प्रजा भक्षक हो गए है। शासन वर्ग सत्ता की चाह में निम्नातिनिम्न कार्य करते हुए भी नहीं लजाते। प्रजा के धन को हड़प कर वे अपने सुख साधनों को जुटा रहे हैं। परस्पर विवाद करने वाले राजनेताओं ने राजनीति को युद्ध का अखाड़ा बना दिया है। इस प्रकार वर्तमानयुग में नैतिक पतन चरम सीमा पर पहुंच गया है। सत्य क्या होता है? विनम्रता क्या है? सदाचारी कैसा होता है? ये सब विशय तो केवल पुस्तकों तक ही सीमित रह गए हैं व्यवहार में इनका प्रयोग कहीं भी दिखाई नहीं देता। यद्यपि धर्म कर्म के प्रचार के लिए वर्तमान युग में अनेक प्रवचनों सत्संगों का आयोजन हो रहा है परन्तु यह सब प्रदर्षन भाव ही है। इन आयोजनों में जाकर कितनी आत्मषान्ति या ज्ञान प्राप्त होता है? यह कोई भी नहीं जानता। स्वयं प्रवचनकर्ता भी इस विशय से अनभिज्ञ है। वस्तुतः कलियुग के प्रभाव से तो साधु सन्यासी भी प्रभावित हैं क्योंकि वे भी धन और यष के लिए आपस में लड़ते झगड़ते हैं इस प्रकार वर्तमान युग में जिस प्रकार के व्यवहार व आचरण की अपेक्षा है वैसा व्यवहार व आचरण मनुश्यों में दिखाई नही देता। वर्तमान समय की इस चिन्ताजनक स्थिति को देखते हुए केवल एक ही उपाय सर्वाधिक उचित प्रतीत होता है और वह है "वेदान्त का ज्ञान"। वेदान्त के माध्यम से ही हम सभी समस्याओं का उन्मूलन कर सकते है जिससे कि प्रत्येक प्राणी सुखी हो जाए इसमें "वेदान्त की सर्वाधिक लाभप्रद भूमिका इसलिए होगी क्योंकि वेदान्त के ज्ञान से मनुश्यों में अवष्य ही मानवता का प्रादुर्भाव होगा।

"वेदान्त शब्द का शाब्दिक अर्थ है– "वेदानाम् अन्तः इति वेदान्तः" अर्थात् वेदों का अन्तिम भाग। वस्तुतः वैदिक साहित्य में वेद, ब्राह्मण, आरण्यक व उपनिशद् है। उपनिशद् ही वेदान्त नाम से जाने गए हैं। इसे स्पश्ट करते हुए "वेदान्तसार" नामक अपने ग्रन्थ में श्री सदानन्द में लिखा है कि– "वेदान्तो नामोपनिशत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरकसूत्रादीनि च।" अर्थात् प्रमारूपा ब्रह्मविद्या के प्रमाणरूप उपनिशद् ही वेदान्त है और उनके अर्थ का अनुवर्तन करने वाले ब्रह्मसूत्र भी वेदान्त हैं। इस प्रकार मुख्यरूप से वेदान्त शब्द का प्रयोग उपनिशदों के लिए किया जाता है और उपचार रूप से ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भगवत् गीता के लिए भी है। 'उपनिशद्' इस शब्द का प्रयोग तो ब्रह्मविद्या या आत्मविद्या के लिए होता है परन्तु इस विद्या के प्रमाणभूत ग्रन्थ भी गौणीवृत्ति से उपनिशद् कहे जाते हैं। इस प्रकार प्रमारूपा ब्रह्मविद्या और प्रमाणरूपा उपनिशद् ग्रन्थ दोनों ही 'वेदान्त' इस शब्द से जाने जाते हैं। सरल शब्दों में हम कह सकते है कि ब्रह्मज्ञान सम्बन्धी जो भी ग्रन्थ हैं ये सभी वेदान्त ही हैं।

## वेदान्त–सिद्धान्त

उपनिशदों के सिद्धान्त ही वेदान्त के सिद्धान्त है। कुछ लोगों का मत है कि वेदान्त ज्ञान षुश्क ज्ञान है क्योंकि इसके ज्ञान से मनुश्य समाज से पृथक होकर अकेला हो जाता है तथा वेदान्त ज्ञान से मन की शान्ति तो मिल सकती है परन्तु उदरषान्ति नहीं अर्थात् इसके ज्ञान से धनोपार्जन संभव नहीं। परन्तु ये सारी मान्यताएं भ्रामक हैं। वास्तव में जो वेदान्त को सम्यक् रूप से नहीं जानते ये ही ऐसा कहते हैं।

International Journal of Sanskrit Research 2021; 7(5): 100-101

International Journal of Sanskrit Research
अनन्ता

ISSN: 2394-7519
IJSR 2021; 7(5): 100-101
© 2021 IJSR
www.anantaajournal.com
Received: 08-07-2021
Accepted: 27-08-2021

**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

**Corresponding Author:**
**दीपक कालिया**
ज़ाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (प्रातः)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, भारत

# संस्कृतसंस्कृतिरक्षणे विदुशी डॉ. रमाचौधुरी महाभागायाः योगदानम्

**दीपक कालिया**

**प्रस्तावना**

भारतस्यगौरवमिद् यत् शिक्षाजगति विदूशां समकक्षे विदूशीनामपि यशः सर्वत्र विद्यते। भारतवर्शस्य नार्यः प्रायः सर्वेशु क्षेत्रेशु अग्रगण्याः तासाम् च योगदानम् श्लाघनीयम्। अर्वाचीनकालस्य संस्कृतविदुशी डॉ. रमाचौधुरी महाभागा सुप्रसिद्धा लेखिका। डॉ. रमाचौधुरीमहाभागायाः शिक्षा कलकत्ताविश्वविद्यालयतः अभवत्। सा ऑक्सफोर्डविश्वविद्यालयतः च दर्शनविशये डि. फिल उपाधिं प्राप्तवती। त्रिंशत्वर्शाणि लेडी–ब्रवोर्नमहाविद्यालये प्रधानाचार्यायाः एवं सप्तवर्षाणि रवीन्द्रभारतीविश्वविद्यालयस्य कुलपतिपदमलङ्कृतवती। सुप्रसिद्ध–संस्कृतविद्वान् डॉ. यतीन्द्रविमलचौधुरी महोदयेन सह 1938 तमे वर्शे परिणयसूत्रे निबद्धा। डॉ. यतीन्द्रमहोदयस्य प्रत्येककार्ये निरन्तर एशा सहभागिनी रूपेण आसीत्। तस्य प्राच्यवाणी नाम्नः संस्थायाः कार्येशु एशा संलग्ना। संस्थायाः प्रमुखकार्यं संस्कृतभाशायाः प्रचारम् आसीत्। प्राच्यवाणीसंस्थामाध्यमेन भारतस्य विविधप्रदेशेशु विदेशेश्वपि नाट्य अभिनयेन संस्कृतभाशायाः भारतीयसंस्कृतेः च प्रचारं प्रसार कृतम्। भारतीयसांस्कृतिक प्रवृत्तिवर्धनाय नाटकाना मञ्चनं एव तस्याः मुख्यं उद्देश्यमासीत्। 1970 तमे वर्शे सा जर्मनसर्वकारेण उच्चभारतीयनागरिकसम्मानेन सम्मानिता। महोदयया संस्कृतबांग्लाआंग्लभाशामधिकृत्य लेखन–कार्यं कृतम्। सा पतिदिवंगते सति चतुर्वर्शेशु एव विंशतिनाटकानि रचितवती। तस्याः नाटकानि तु संस्कृतभाशायामेव परं दर्शनविशयक ग्रन्थाः आंग्ल एवं बांग्लाभाशामधिकृत्य रचिताः। महोदयायाः नाटकानि सांस्कृतिक–सामाजिक–दार्शनिक दृश्ट्यामहत्वपूर्णानि यथा पल्लीकमलम्, मेघमेदुरमेदनीयम्, रामचरितमानसम् एतेशु भारतीयसंस्कृतेः चित्रणमस्ति। देशदीपम्, कविकुलकोकिलम्, निवेदितनिवेदितम्, भारततातम्, भारतपथिकम् एतानि नाटकानि सामाजिकदृष्ट्या महत्वपूर्णानि। दार्शनिकदृश्ट्या शंकर–शंकर अभेदानन्दं च वेदान्तदर्शनविशयक–नाटकद्वयम् महत्वपूर्णम्। महाभागायाः योगदानस्य विवेचनम् त्रिविधदृश्ट्या कृतम्। महाभागया रचितेशु नाटकेशु विशयवस्तु प्रायः महापुरूशाणां जीवनगाथा एव। यथा युगजीवने नाटके स्वामी रामकृशणस्य जीवनचरितमस्ति। "निवेदित–निवेदितम्" इत्यस्मिन् नाटके भागिनीनिवेदितायाः चरितगाथा वर्णिता भगिनी निवेदितया कृतानि कार्याणि यथा दरिद्रनाराय सेवा, उपक्षितानां नारीणामोत्थानं च अतीव प्रेरणप्रदति। चैतन्यचैतन्यम् नाटके महाप्रभुचैतन्यस्य चारुचरितावली चित्रिता।

भारतपथिकनाम्नः नाटकस्य पंचदृश्येशु राजाराममोहनरायस्य जीवनगाथा विद्यते। कविकुलकमलनाटकम् कालिदासस्य उत्तरकालीनचरितं वर्णयति। भारताचार्यस्य नाटकस्य द्वादशदृश्येशु भारतस्य राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृशणन्–महोदयस्य पावनचरितं वर्णितम्। "अग्निवीणा नाटकम्" बांग्लादेशस्य महाकविनजरूलइस्लामस्य चरितगाथाम् अधिकृत्य रचितम्। अपि च बंगप्रदेशस्य महान् उपन्यासकार ताराशंकरबन्धोपाध्यायस्य जीवनचरिताघारितम् गणदेवतानाम्नः नाम्नः नाटकमस्ति। "यतीन्द्रम्" इति नाटकेस्मिन् महोदयायाः पत्युः यतीन्द्रस्य चारुचरितावली वर्तते। 1964 तमे वर्शे यतीन्द्रमहोदयः दिवंगतः। तस्मिन् एव वर्शे नाटकमिदं रचितम् शङ्केशु निबद्धं "भारततातम्" नाटकं महात्मागान्धिनः जीवनचरित्रं प्रस्तौति। "प्रसन्नप्रसादं" नाटकमिदं बंगदेशीय सुप्रसिद्धः गायकः श्रीरामप्रसादस्य जीवनचरित्रं वर्णयति। "भारतवीरम्" इत्यस्मिन् नाटके शिवाजीवीरस्य चरित्रं प्रस्तुत कृतम्। "तानतनु" नाटके तानसेनस्य संगीतमयजीवनस्य दृश्यं दृश्यते। एवं महापुरुशाणां जीवनचरितचित्रणेन राजनीतिक–सामाजिक–सांस्कृतिक अध्यात्मिक विशयक प्रेरणादायिनी शिक्षा लभते।

"शंकर–शंकर" नाटकमिदं दार्शनिकदृश्ट्या अतीव महत्वपूर्णम्। नाटकेस्मिन् चतुर्दशदृश्याः सन्ति। अस्मिन् जगद्गुरुशंकराचार्यस्य जीवनचरित्रं वर्णितम्। आचार्य गोविन्दपादेन शंकराचार्यः एवं उपदिश्टः–

"दिग्विजयं कुरु, प्रचारय महिम्नयं ब्रह्मतत्वम्" सर्वमेव ब्रह्म।

अद्वैतवेदान्तस्य सरल–सरस रूपेण चित्रणं कृत्वा शंकराचार्यमाध्यमेन इदं साररूपेण प्रतिपादितम् यत्–